# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 6 जून 2024




HARSHIT LANDMARK
PREMIUM COMMERCIAL & RESIDENTIAL

RERA Reg. No. - PCGRERA270618000348
RERA Reg. No. -PCGRERA160718000539
www.rera.cgstate.gov.in

|| HARE KRISHNA ||

SINGHANIA BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993




SPECIAL OFFER

GET FLAT **10%** OFF

**2, 3 & 4 BHK**
**PREMIUM LUXURIOUS APARTMENT**
COMMERCIAL SHOP, OFFICE SPACE

G-Block
F-Block



Near AIIMS Hospital, Hirapur Chowk, Raipur




Vidhansabha Road, Nardaha Raipur







HARSHIT GOLD CITY
LIVE IN EL DORADO

Rera Reg. No. : PCGRERA040123001580
www.rera.cgstate.gov.in

PREMIUM PLOTS
100+ WORLD CLASS AMENITIES

PLOT SIZE 600-1700 SQFT.

T&C Apply*

Contact for Booking 9827-321-321 | www.singhaniabuildcon.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024

**बेहतर जिंदगी देने सरकार संकल्पित**

*सरकार की मंशानुरूप हम समर्पित नक्सलियों को शासन की पुनर्वास व समर्पण नीति का लाभ दे रहे है। इन नक्सलियों को मुख्यधारा में शामिल करने के बाद बेहतर जिंदगी देने सरकार संकल्पित है। यही वजह है कि समर्पण करने वाले नक्सलियों में लगातार इजाफा हो रहा है और उन्हे हर संभव मदद व योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।*
*-सुंदरराज पी*
*आईजी, बस्तर*

समर्पण के बाद बच्चों के साथ अब जी रहे हैं बेखौफ व खुशहाल जिंदगी






**बनाएंगे पुलिस अफसर**

समर्पण के बाद मुख्यधारा में शामिल होने व नसबंदी खुलवाकर बच्चों की पैदाइश के बाद अब खुले आसमान के नीचे शान से अपनी जिदगी बसर कर रहे हैं। ऐसे ही नक्सलियों में शामिल चमरू उर्फ रामसिंग व उनकी पत्नी मुकेश्वरी ने बताया कि संगठन में रहते हुए वर्ष 2015 में जंगल में रहते हुए शादी की, लेकिन बच्चे की चाह ने उन्होंने वर्ष 2016 में एक साथ समर्पण कर दिया। इसके बाद वर्ष 2020 में एक बेटी हुई, जिसे अच्छी तालीम देने पढ़ रहे है और उसे पुलिस अफसर बनाने की उनकी ख्वाहिश है।

# नक्सलवाद छोड़ा, 26 ने कराई रिवर्स नसबंदी, अब भरा-पूरा परिवार

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

दशकों तक नक्सल संगठन में रहते हुए खौफ की जिंदगी जी रहे नक्सली अब समर्पण के बाद बेखौफ होकर परिवार के साथ खुशहाल जिंदगी बसर कर रहे हैं। आंकड़े बताते है कि एक दशक में नक्सलवाद छोड़ मूलधारा में लौटे 26 नक्सलियों ने रिवर्स नसबंदी कराई और आज बाल बच्चों के साथ उनका भरा-पूरा परिवार है। हरिभूमि ने ऐसे परिवारों से बातचीत की तब पता चला कि अपने होनहार बच्चों को बड़ी शासकीय सेवा में भेजने परिश्रम कर रहे हैं। गौरतलब है कि जंगल में शादी के लिए तो इंकार नहीं किया जाता है, लेकिन संगठन के टॉप नक्सलियों के फरमान पर बच्चे पैदा करने की इजाजत नहीं दी जाती है और उनका शादी से पूर्व ही नसबंदी करा दी जाती है। हरिभूमि ने ऐसे ही कुछ समर्पित नक्सलियों से चर्चा की, जिन्होंने जंगल में शादी कर ली थी लेकिन बच्चों की चाह रखते हुए भी बच्चे पैदा नहीं कर पा रहे थे। समर्पण के बाद पुलिस की मदद से उनकी नसबंदी खुलवाई गई और अब दर्जनों नक्सली परिवार के बच्चों के साथ खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। अधिकतर नक्सली अपने ▶▶|शेष पेज 2 पर

## जंगल में शादी से पूर्व नसबंदी, बच्चे पैदा करने की होती है मनाही

### गुरुकुल पर पढ़ रही बेटी

लच्छिन पोयाम संगठन में रहने के दौरान डिप्टी कमाण्डर के पद पर कार्यरत था। संगठन में रहने के दौरान एसीएम चमरी से उसकी मुलाकात हुई और दोनों ने अपने कमाण्डर से परमिशन लेकर वर्ष 2007 में शादी कर ली। इसके एक वर्ष के बाद उनकी नसबंदी करा दी गई। इसके बाद वर्ष 2015 में उन्होंने बारी बारी से समर्पण कर दिया और नसबंदी खुलवाने के बाद वर्ष 2019 में उनकी एक बेटी हुई, जिसे गुरूकुल में पढ़ा रहे हैं।





### 10 वर्ष में 26 ने समर्पण के बाद नसबंदी हटाने कराया आपरेशन

बस्तर संभाग के पांच जिले बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा व सुकमा में पिछले एक दशक की बात करें तो 26 समर्पित नक्सलियों ने नसबंदी हटाने अपना आपरेशन करवाया। इनमें बीजापुर जिले में 4, नारायणपुर में 3, दंतेवाड़ा में 3, कांकेर में 7, व सुकमा जिले में 9 शामिल है। वर्तमान में आपरेशन के बाद इन नक्सलियों के दर्जन भर बेटी व बेटे हैं, जिन्हें ▶▶|शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ के लिए 6,900 तीर्थयात्री रवाना



**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित प्रसिद्ध अमरनाथ गुफा मंदिर में हिम शिवलिंग के दर्शन लिए शुक्रवार को 6,900 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था रवाना हुआ। अधिकारी ने बताया कि तीर्थयात्रियों का आठवां जत्था 277 वाहनों में सवार होकर निकला।

### राव का इस्तीफा, रास की एक और सीट हुई खाली



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में एक नई रिक्ति पैदा हो गई जब सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने के केशव राव का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। राव ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद बीआरएस के राज्यसभा सदस्य के रूप में अपनी सदस्यता छोड़ दी थी। राव के इस्तीफे के बाद सदन में 16 सीटें खाली हो गई हैं।

### तेलंगाना में बीआरएस के छह एमएलसी कांग्रेस में हुए शामिल



**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को बड़ा झटका देते हुए उसके छह विधानपरिषद सदस्य बृहस्पतिवार देर रात मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हो गए। तेलंगाना विधानपरिषद की वेबसाइट के अनुसार, वर्तमान में बीआरएस के पास 25 सदस्य हैं ।

### रेप के आरोप में वाईएसआर के पूर्व विधायक गिरफ्तार



**कुरनूल।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक जे सुधाकर को एक नाबालिग लड़की के साथ चार साल से अधिक समय तक बार-बार बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि लड़की वहां काम करती थी।

# मौत का कुआं, जहरीली गैस ने खत्म किया परिवार, दो हादसे में 9 की मौत

*हरिभूमि न्यूज/कोरबा-जांजगीर। कोरबा और जांजगीर-चांपा जिले में कुएं में उतरने से 9 लोगों की मौत हो गई। कुएं से निकल रही जहरीली गैस की चपेट में आने से ग्रामीणों ने दम तोड़ दिया। कोरबा में पिता को बचाने कुएं में उतरी बेटी सहित चार लोगों की जान चली गई। वहीं जांजगीर के किकिरदा गांव में कुएं में गिरी लकड़ी के पटरे को निकालने उतरे व्यक्ति को बचाने के चक्कर में एक-एक करके पांच लोग अपनी जान गवां बैठे। पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है।*

## कोरबा में पिता-पुत्री सहित चार की गई जान

कटघोरा नगर के वार्ड क्रमांक 13 डिपरापारा जुराली निवासी जहरु पटेल पिता स्व. सोनूराम पटेल उम्र 60 वर्ष आज सुबह अपनी बाड़ी की साफ सफाई कर रहा था। इस दौरान वह अचानक बाड़ी में स्थित कुएं में गिर गया। पिता के कुएं में गिरने की आवाज सुनकर उसकी 16 वर्षीय पुत्री सपीना पटेल भी अपने पिता को बचाने के लिए ▶▶|शेष पेज 2 पर




### एक ग्रामीण बचा बाल-बाल

कुएं में उतरे पिता पुत्री सहित चार ग्रामीण जब बाहर नहीं निकले तो सुनील पटेल पिता भागबली पटेल उम्र 32 वर्ष भी कुएं में यह देखने उतरा कि ▶▶|शेष पेज 2 पर

## जांजगीर में कुआं में उतरे पांच की मौत

जांजगीर के किकिरदा गांव में उस समय अफरा तफरी मच गई जब कुआं में गिरी लकड़ी के पटरे को निकालने उतरे व्यक्ति को बचाने के चक्कर में एक-एक करके पांच लोग अपनी जान गवां बैठे। किकिरदा गांव के मुख्य मार्ग पर शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय के पास रहने वाला रामचंद्र जायसवाल पिता फनी राम जायसवाल ▶▶|शेष पेज 2 पर




### पिता के साथ दोनों बेटे की मौत

पड़ोसी रामचंद्र जायसवाल को बचाने पहुंचे रमेश पटेल और उसके दो बेटों की भी उसी कुएं में मौत हो गई। रमेश के दो ही पुत्र ▶▶|शेष पेज 2 पर

### *नहीं छूटे थे मेहंदी के रंग जन्मदिन पर सूनी हुई मांग*

*किकिरदा में हुई इस घटना ने तीन परिवारों को कभी न भूलने वाला गम दे गया। इस घटना में जहां जायसवाल परिवार के मुखिया रामचंद्र जायसवाल की मौत हुई तो वहीं उसको बचाने के लिए पहुंचे पड़ोसी और उसके दोनों बेटों की जिंदगी कुएं में खत्म हो गई। यही नहीं इसी पड़ोस में रहने वाले युवक टिकेश्वर चंद्रा के परिवार पर* ▶▶|शेष पेज 2 पर

### *सीएम ने किया शोक व्यक्त*

*कोरबा और सक्ती जिले में हुए हादसे पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मृतक के परिजनों को 5-5 लाख रुपए सीएम सहायता कोष से देने का ऐलान किया। प्रशासन की ओर से भी 4-4 लाख रुपए दिए जाएंगे।*

# घरेलू हिंसा में केस दर्ज करने मांगा पैसा, घूस के साथ महिला टीआई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महिला थाना प्रभारी वेदवती दरियो को एसीबी की टीम ने एफआईआर दर्ज करने के एवज में 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। महिला थाने की टीआई ने एक महिला से उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना तथा घरेलू हिंसा मामले में एफआईआर दर्ज करने पैसों की मांग की थी। टीआई जिस महिला से पैसों की मांग कर रही थी, वह मूलतः गरियाबंद की रहने वाली है। वह लोधीपारा में निवासरत है और लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करती है। ▶▶|शेष पेज 2 पर

■ थाना प्रभारी वेदवती दरियो की जेब से निकले रिश्वत के 20 हजार



### नायब तहसीलदार घूस लेते गिरफ्तार

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में एक अधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया है। मिली जानकारी के मुताबिक यहां कब्जा जमीन मामले में एक ग्रामीण से 50000 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए धमतरी तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार ▶▶|शेष पेज 2 पर

पदाधिकारी होंगे शामिल

## *भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में पहली बार मंडल और पंचायत अध्यक्ष को भी न्योता*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के इतिहास में पहली बार प्रदेश कार्यसमिति को एक नए रूप में किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के साथ सभी मंडलों और पंचायतों के अध्यक्षों को भी बुलाया गया है। भिलाई के स्थान पर राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से होने वाली कार्यसमिति में डेढ़ हजार से ज्यादा ▶▶|शेष पेज 2 पर

### नगरीय निकाय पंचायत और संगठन चुनाव पर फोकस

प्रदेश कार्यसमिति को इतने बड़े पैमाने पर कार्यसमिति करने के पीछे का कारण इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव हैं। प्रदेश सरकार ने इस बार एक तरह से फैसला कर लिया है कि इस बार नगरीय निकाय चुनाव में महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष होगा। इसको लेकर संगठन स्तर पर भी रायशुमारी हो चुकी है। अब प्रदेश की कार्यसमिति में ▶▶|शेष पेज 2 पर

ओरछा थाना क्षेत्र की घटना

## *माड़ में लगातार ऑपरेशन से बौखलाए नक्सली, ग्रामीण को उतारा मौत के घाट*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर के माड़ में फोर्स द्वारा लगातार चलाए जा रहे आपरेशन व मुठभेड़ में लाखों के इनामी माओवादियों के मारे जाने के बाद बौखलाए नक्सलियों ने ग्रामीण की पुलिस मुखबिरी के नाम पर हत्या कर दी है। मामला जिले के ओरछा थाना क्षेत्र के थुलथुली पंचायत का है, जहां के ग्रामीण की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस मुखबिरी ▶▶|शेष पेज 2 पर

### एक माह में मार गिराए 1 करोड़ से अधिक के इनामी

चार दिन पूर्व फोर्स ने 40 लाख के इनामी पांच नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया था, इससे पूर्व भी नारायणपुर जिले में पांच दिन तक चले नक्सल विरोधी माड़ बचाओ अभियान में सुरक्षाबलों ने 64 लाख के इनामी 8 नक्सलियों को मार गिराया था। इस दौरान मारे गए सभी नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पिछले एक माह के अंतराल में सुरक्षाबलों ने 1 करोड़ से अधिक के इनामी 13 नक्सलियों को मार गिराया था।




एक्शनः छपी खबर के बाद छानबीन

# भारत ब्रांड चावल राइस मिलों में डंप, जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

खबर का असर

केंद्र सरकार द्वारा पूरे देशभर में 29 रुपए किलो की दर पर शुरू की गई भारत ब्रांड चावल की बिक्री का फायदा धान के कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के लोगों को नहीं मिल पाया है। राज्य में 52 हजार मीट्रिक टन चावल का एफसीआई से उठाव हो गया है लेकिन राज्य के गांव और शहर के लोगों तक पहुंचने की बजाए राईस मिलों में डंप कर दिया गया है। हरिभूमि द्वारा इस मामले का पर्दाफाश किए जाने के बाद खलबली मची है। नाफेड ने मामले में जांच के आदेश भी जारी कर दिए है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा लोगों को सस्ते दाम पर दाल, आटा और चावल उपलब्ध कराने की दिशा में भारत ब्रांड लांच किया गया है। इस योजना के तहत राज्य में सस्ते दामों पर दाल और आटे की बिक्री हो रही है लेकिन चावल आम लोगो से दूर कर दिया गया है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार से भारत ब्रांड चावल की सप्लाई का काम राज्य के पांच राईस मिलरों को मिला था। लोकसभा चुनाव के दौरान अप्रैल और मई माह में ही एफसीआई से मिलर्स ने चावल का शत प्रतिशत उठाव कर लिया था। इन मिलर्स को दस दस किलो की पैकिंग कर इसे बाजार में बेचना था लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी लोगो को 29 रुपए किलो में ▶▶|शेष पेज 2 पर


80 करोड़ रुपए के भारत ब्रांड चावल की अफरातफरी
आमजन की बजाए छग और महाराष्ट्र के मिलों में सप्लाई
इन जिलों में पहुंचा चावल

### 200 करोड़ के चावल की अफरा तफरी

प्रदेश में करीब 200 करोड़ रुपए के भारत ब्रांड चावल की अफरा तफरी की गई है। एफसीआई से दो से तीन माह पहले उठाव किए जाने के बाद भी बाजार में अभी तक इसकी बिक्री शुरू नहीं हो सकी है।

### *शासन ने शुरू की पड़ताल*

*हरिभूमि में समाचार के प्रकाशन के बाद राज्य के खाद्य महकमे ने भी इसकी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि राज्य के सांसदों ने भी शासन को पत्र लिखकर इस मामले में जांच कराने का आग्रह किया है।*

### *पता लगाया जा रहा*

*इस मामले में इस बात की जांच कराई जा रही है कि दस किलो की पैकिंग के बाद ठेकेदारो ने कितने उपभोक्ताओं को चावल उपलब्ध कराया है। उन्हें यह भी कहा गया है कि शीघ्र इसकी सप्लाई शुरू करे।*
*-संजय सिंह*
*राज्य प्रमुख, नाफेड*

## चिंतन

# कीर के सामने होगी भारत से रिश्ते सुधारने की चुनौती

ब्रिटेन में सत्ता परिवर्तित हो गई है। पिछले 14 वर्ष से अधिक समय से सत्तासीन कंजर्वेटिव पार्टी को करारी हार मिली है, जबकि प्रमुख विरोधी दल लेबर पार्टी को प्रचंड जीत मिली है। भारतीय मूल के ऋषि सुनक के प्रधानमंत्रित्व में यूनाइटेड किंगडम में कंजर्वेटिव पार्टी की सरकार थी। सुनक ऐसे समय में पीएम बने थे, जब यूके की अर्थव्यवस्था नाजुक दौर से गुजर रही थी, महंगाई चरम पर थी। इस हालात के कारण ही उनके पूर्ववर्ती लिज ट्रस महज 40 दिन ब्रिटेन की पीएम रह पाई थीं, उससे पहले बोरिस जॉनसन सत्ता संभाल रहे थे, पार्टीगेट कांड के चलते बोरिश को पद छोड़ना पड़ा था। सुनक कठिन समय में आकर ब्रिटेन को संभाला। वे अर्थव्यवस्था को पटरी पर लेकर आए, महंगाई पर अंकुश लगाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। कंजर्वेटिव या टोरी सरकार पर भ्रष्टाचार, अनियमितताओं के आरोप लगने लगे थे। ये आरोप बढ़ते ही जा रहे थे। ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की समस्या और प्रवासी समस्या से सुनक सरकार ठीक से नहीं निपट पा रही थी। इसके साथ ही 14 वर्ष की एंटीइन्कम्बेन्सी का भी सुनक को सामना करना पड़ा। एक यह भी कारण लगता है कि हिंदुत्व के प्रति मुखर होकर अपनी बात रखने के चलते बहुसंख्यक मतदाता के बीच सुनक ने अपनी चमक खोई हो। इस तरह अनेक कारण थे कि कंजर्वेटिव पार्टी को 200 वर्ष की सबसे बड़ी शिकस्त मिली। लेबर पार्टी के कलेवर व तेवर बदलने वाले कीर स्टॉर्मर को प्रचंड जनादेश का मतलब साफ है कि ब्रिटिश जनता कंजर्वेटिव सत्ता से उब चुकी थी और बदलाव चाहती थी। अब यूके की कमान 61 वर्षीय कीर स्टॉर्मर के हाथ में होगी, लेकिन उनके लिए यह कांटों भरा ताज होगा। ब्रिटेन की आर्थिक हालत ठीक नहीं है, सिस्टम में भ्रष्टाचार व्याप्त है, अवैध प्रवासियों की समस्या है, महंगाई उच्च स्तर पर है, बेरोजगारी बढ़ी है, एनएचएस अस्पतालों में कम सम कम 44 दिनों की प्रतीक्षा है, टैक्स के मुद्दे हैं, ब्रेग्जिट (यूरोपीय यूनियन से अलग होने) के बाद के प्रभाव उबरना है। इन सबसे स्टॉर्मर सरकार को निपटना होगा। यूके पर अमेरिका का पिछलग्गू होने का ठप्पा लगा हुआ है। ब्रिटेन के नए पीएम कीर स्टॉर्मर को नए सिरे से ब्रिटेन को संभालना होगा और जनता के लिए राहत की जमीन तैयार करनी होगी। बड़ा सवाल है कि नए ब्रिटिश पीएम कीर स्टॉर्मर की सरकार की भारत के साथ किस तरह के संबंध होंगे? पूर्व में लेबर पार्टी के मुखिया रहे जर्मी कॉर्बिन के कश्मीर के खिलाफ विवादास्पद बयानों के चलते उनकी पार्टी के भारत से संबंध तल्ख रहे हैं। हालांकि कीर स्टॉर्मर की राय जर्मी के समय भी अलग थी, वे भारत के महत्व को अधिक समझते थे। इसलिए जब वे लेबर पार्टी के मुखिया बने, तब से उनकी पार्टी ने कोई भी भारत विरोधी बयान नहीं दिया। स्टार्मर ने अपनी पार्टी को जनादेश मिलने पर भारत संग मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) समेत नई रणनीतिक साझेदारी का संकल्प जताया था। एफटीए अंतिम चरण में है। उम्मीद है जुलाई में इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। कीर के लिए यह भारत से संबंध सुधारने का मौका भी होगा। लेबर पार्टी ने अपने घोषणापत्र में भारत के साथ सुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने का वादा किया है। इस चुनाव में दो दर्जन से अधिक भारतीय मूल के लोगों को जीत मिली है, स्टॉर्मर को ब्रिटिश भारतीयों के साथ अपनी पार्टी के रिश्ते को नए सिरे से आकार देने की कोशिश करनी होगी। कीर काल में भारत-ब्रिटेन के रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद कर सकते हैं।

# 14 वर्ष बाद लेबर युग की वापसी



ब्रिटिश चुनाव
भावना सिंह

ब्रिटेन के आम चुनाव में निःसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, ऊर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा।

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनावों के परिणामों ने अचानक मौसम को गर्मा दिया है। वहां की राजनीति के इतिहास में एक नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि वहां पर सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला है। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख कीर स्टार्मर फूले नहीं समा रहे और समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेन की नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया और वे उन मुद्दों से काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर विश्वास है कि वे इस सफर पर आने वाली तमाम चुनौतियों का बखूबी सामना कर लेंगे।

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट दिया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय 'नॉर्थलेरटन' सीट से जीते हों, पर बहुत कम अंतर से? इस चुनाव में उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत और भी खराब रही थी। वे शुरूआत के दो राउंड तक तो पीछे ही रहे थे। ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बाकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्योहारों पर लोगों को जुटना होता है। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं, पर वो लोग-समर्थक भी उनसे छिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कई उम्मीदवारों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के



मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फलां समुदाय या मतदाता उनका है?

बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला। बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था, पर जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया।

दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखे हैं। हालांकि, ब्रिटेन में आम चुनावों के परिणामों के बाद वहां के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए और लंदनवासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटेन के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए।

निःसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा स्त्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्व के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



भारत के मध्यप्रदेश राज्य में कटनी से करीबन 34 किलोमीटर की दूरी पर मुहास गांव में स्थित हनुमान का मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है।

## उपलब्धि

योगेश कुमार गोयल



# अहम खोजें कर रहा चंद्रयान-3

इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के जरिये 23 अगस्त 2023 को अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अविस्मरणीय अध्याय लिखते हुए ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचा था। चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चांद के दक्षिणी ध्रुव के मैन्जिनस सी और सिम्पेलियस एन क्रेटर के बीच 70.8 डिग्री दक्षिण अक्षांश पर लैंडिंग की थी, जो दक्षिणी ध्रुव से करीब 600 किलोमीटर दूर स्थित है। भारत को छोड़कर अभी तक दुनिया का कोई भी देश ऐसा नहीं है, जो चांद के दक्षिणी ध्रुव को छू सका हो। चंद्रयान-3 ने चांद से जुड़ी कई अहम जानकारियां इसरो के वैज्ञानिकों तक पहुंचाई हैं, जिसने चांद को समझने में अहम योगदान दिया है। हाल ही में इसरो ने चंद्रयान-3 के रोवर को लेकर खुशखबरी देते हुए बताया है कि प्रज्ञान रोवर ने बहुत महत्वपूर्ण जानकारी भेजी है, जिससे प्राप्त निष्कर्षों के अनुसार विक्रम लैंडर के जरिये चंद्रमा पर पहुंचे प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा के शिवशक्ति बिंदु के पास कई अहम खोजें की हैं, जो उस इलाके में मौजूद चंद्रमा की चट्टानों के टुकड़ों और उनकी उत्पत्ति से जुड़ी हुई हैं। इसरो के मुताबिक प्रज्ञान रोवर ने लैंडिंग स्थल पर छोटे गड्ढों के रिम, दीवार, ढलानों और फर्श के आसपास फैले छोटे चट्टान के टुकड़े देखे। इसरो के वैज्ञानिकों का मानना है कि प्रज्ञान रोवर द्वारा की गई इस खोज के ये परिणाम चंद्र अन्वेषण में बेहद महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं क्योंकि ये उन पिछले अध्ययनों का समर्थन करते हैं, जो चंद्र रेगोलिथ के अंदरूनी हिस्से में चट्टान के टुकड़ों के धीरे-धीरे मोटे होने का अनुमान लगाते हैं। वैज्ञानिकों ने अब यह खुलासा किया है कि चंद्रयान-3 की नई खोज में पता चला है कि जब प्रज्ञान रोवर शिवशक्ति बिंदु के पश्चिम की ओर करीब 39 मीटर आगे बढ़ा था तो वहां पर जो चट्टानें उसे मिली, उनकी संख्या और आकार में काफी बढ़ोतरी थी। चंद्रमा पर चलने के दौरान, प्रज्ञान को चट्टान के छोटे-छोटे टुकड़े मिले थे, जिनकी लंबाई एक सेंटीमीटर से लेकर 11.5 सेंटीमीटर तक है। खोज में यह भी पता चला है कि इन चट्टानों में से किसी का भी व्यास दो मीटर से ज्यादा नहीं था। अध्ययन के अनुसार शिवशक्ति बिंदु के पश्चिम में मौजूद करीब दस मीटर व्यास का गड्ढा इन चट्टानों का स्रोत हो सकता है। इसी ने चट्टानों को आसपास के इलाकों में फिर से विभाजित कर दिया, जो समय के साथ वहीं दब गई, लेकिन प्रज्ञान ने इन्हें ढूंढ निकाला। वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रज्ञान द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण खोज के बाद अब उस इलाके में मौजूद चांद की चट्टानों के बारे में पूरी जानकारी हासिल हो सकती है और ऐसे में दुनियाभर के वैज्ञानिकों के लिए चांद को समझना अब और आसान हो जाएगा। चंद्रयान-3 मिशन का उद्देश्य चांद से चट्टानों के टुकड़े या अन्य नमूने धरती पर लाना नहीं था, बल्कि इसे निर्धारित अवधि तक चांद पर रहकर ही अनुसंधान करने के लिए डिजाइन किया गया था और इस मिशन की सफलता भारत के लिए बड़े गर्व का विषय है। हालांकि हाल ही में चीन चंद्रमा से मिट्टी और चट्टानों के कुछ टुकड़ों सहित कुछ नमूने धरती पर लाने में सफल हुआ है। अब इसरो जोर-शोर से चंद्रयान-4 मिशन को अंजाम देने के कार्य में जुट गया है। हाल ही में इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा भी है कि 'चंद्रयान-4' 'शिव शक्ति' बिंदु से पृथ्वी पर चंद्र नमूने वापस लाएगा। बहरहाल, यदि इसरो चंद्रयान-4 मिशन के जरिये चांद के दक्षिणी ध्रुव से चट्टानों, मिट्टी सहित अन्य तत्वों के नमूने धरती पर लाने में सफल रहता है तो इसरो के इतिहास में यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी और इसरो का यह मिशन उसकी अंतरिक्ष उड़ान में मील का पत्थर साबित होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

## अहंकार ही व्यक्ति के समस्याओं का कारण है



संकलित
प्रेरणा

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वामी विवेकानंद जी को आदर्श बनाएं युवा

चार जुलाई को स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि थी। उनका बचपन का नाम नरेंद्र दत्त था। रामकृष्ण परमहंस ने इन्हें प्रभु पूजा और मानवता की सेवा करने की शिक्षा दी और स्वामी जी ने इस शिक्षा का पालन करते हुए, अपना जीवन मानवता की सेवा में लगाया। रवींद्रनाथ टैगोर ने स्वामी विवेकानंद के बारे में कहा था, 'यदि आप भारत को जानना चाहते हैं, तो स्वामी विवेकानंद को पढ़िए। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पाएंगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं।' स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक हैं। स्वामीजी ने एक बार अपने भाषण में युवाओं से कहा था कि यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो।

- विकास वर्मा, महासमुंद

## करंट अफेयर

# इजराइल ने जेनिन शहर में सैन्य अभियान चलाया

इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसकी ओर से की जा रही आतंकवाद रोधी कार्रवाई में पश्चिमी तट के शहर जेनिन के इलाके में किया गया हवाई हमला भी शामिल है। फलस्तीन अधिकारियों ने बताया कि चार लोग मारे गए हैं। सेना ने कहा कि इजराइली सैनिकों ने उस इमारत को घेर लिया जहां आतंकवादी छिपे थे और इसके बाद सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की, जबकि एक हवाई हमले में क्षेत्र के "कई सशस्त्र आतंकवादियों को निशाना' बनाया गया। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि चार लोगों की मौत हुई है, लेकिन उनकी पहचान के संबंध में कोई जनकारी नहीं दी गई। जेनिन में यह झड़प इजराइल बस्ती विरोधी निगरानी समूह के एक दिन पहले दिये गये उस बयान के बाद हुई है जिसमें कहा गया था कि सरकार के कब्जे वाले पश्चिमी तट की बस्तियों में करीब 5300 नए घर बनाने की योजना है। जेनिन को उग्रवादियों के गढ़ के रूप में जाना जाता है जहां सेना अक्सर अभियान चलाती है।



## ऑफ बीट

# हृदय रोगियों को स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी कम

एक नया अध्ययन हृदय रोगों के प्रबंधन में रोगी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। हृदय संबंधी बीमारियाँ दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। जो मरीज़ हृदय संबंधी किसी घटना (जैसे कि दिल का दौरा) से गुज़रे हैं, वे अक्सर खुद को लक्षणों, दवाओं और जीवनशैली समायोजन के जटिल चक्रव्यूह से गुजरते हुए पाते हैं। इस यात्रा में रोगी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए, शोधकर्ताओं की हमारी अंतरराष्ट्रीय टीम ने विश्व स्तर पर हृदय रोगियों की विशिष्ट सूचना आवश्यकताओं की पहचान करने की कोशिश की। हमारे अध्ययन में हृदय रोगियों की शीर्ष सूचना आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए एक मान्य पैमाने, कार्डियक रिहैबिलिटेशन (आईएनसीआर-एस) में सूचना आवश्यकताओं का उपयोग किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सभी छह क्षेत्रों में फैले विभिन्न देशों में प्रशासित और विभिन्न आय वर्गों को शामिल करते हुए, पैमाने ने मरीजों की सूचना आवश्यकताओं का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया।



## ट्रेंड

### सुनक का धन्यवाद

ऋषि सुनक यूके के आपके सराहनीय नेतृत्व और आपके कार्यकाल के दौरान भारत और यूके के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### धन को केंद्रित कर रहा एआई

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विनियमन से आगे निकल रहा है, शक्ति असंतुलन को बढ़ा रहा है, धन को और अधिक केंद्रित कर रहा है और मानवाधिकारों को कमजोर कर रहा है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव



### घोषणा करते हुए खुशी

यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पुरी की तरह, हम पश्चिम बंगाल में भी दीघा में भगवान जगन्नाथ के लिए एक गौरव-प्रेरक मंदिर परिसर का निर्माण कर रहे हैं। यहां भगवान, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा भी होगी, रथयात्रा भी मनाई जाएगी।

-ममता बनर्जी, सीएम बंगाल



### सेल फोन यूजर्स पर भार

बिहार में डबल इंजन का अद्भुत खेल है, एक इंजन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है और एक इंजन अपराध में लगा हुआ है। 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है। यह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर

शनिवार, 6 जुलाई 2024

आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 22, अंक : 348
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**


मौसम
अधि. 33.4
न्यून. 25.3


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



04
'अल्फा' की शूटिंग शुरू





विचार पेज
14 वर्ष बाद लेबर युग की वापसी







# बारिश में सावधान, लैब में 40 से अधिक मशरूम की जांच, 28 मिले खाने योग्य, चार निकले जहरीले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

बारिश का मौसम शुरू होते ही सब्जी बाजार में विभिन्न तरह के मशरूम पहुंचने लगे हैं। आमतौर पर इसे सेहत के लिए फायदेमंद बताया जाता है, लेकिन बाजार में कुछ जहरीले मशरूम भी बिक रहे हैं, जिसकी पहचान करना लोगों के लिए जरूरी है। बायाटेक कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले मशरुम पर शोध किया है। उन्होंने खाने योग्य 28 ▶▶शेष पेज 2 पर

## बायाटेक वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने बाजार में जहरीला मशरूम खरीदने से पहले लोगों को बताया पहचान का तरीका

■ जानकारी के अभाव में गलत मशरूम खाने से हर साल बीमार हो जाते हैं लोग



### शोध के बाद बताया कौन से खाएं और कौन से नहीं

मशरूम से लगातार बीमार होने के बाद प्राकृतिक मशरूम पर वैज्ञानिक ने 5 साल से अधिक शोधकार्य किया है, जिसमें 40 से अधिक मशरूम की लैब जांच में पाया गया कि चिरको, सुगा, छेरकी, भैसा, बांस, भूडू, जाम, दुधिया, चरचरी, कठवा, करीया, तीतावर, पिवरा, झरिया, कुम्हा, क्षरकेनी प्रजाति के मशरूम खाने योग्य है। जबकि बिलाई खुखड़ी, गंजिया खुखड़ी, लकड़ी खुखड़ी, लालबादर, बनपिवरी को सेहत के लिए हानिकारक पाया गया है। बाजार में इस तरह से मशुरूम आसानी से मिल जाते हैं। शोध रिपोर्ट के मुताबिक प्राकृतिक मशरूम जो खाने योग्य नहीं होते और जिसके सेवन से उल्टी-दस्त, बेचैनी या बेहोशी आती है, उसका मूल कारण उस मशरूम या खुखड़ी में पाए जाने वाले टॉक्सिन के कारण होते हैं।

### मशरूम की छतरी अगर चपटी हो तो खाने से बचें

कृषि व बायोटेक लैब के विज्ञानिक डॉ. प्रशांत कुमार शर्मा ने बताया कि स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले चटक रंग के प्राकृतिक मशरूम जैसे लाल, नीला, पीला, हरा, बैंगनी, नारंगी रंग के मशरूम को खाने में प्रयोग न करें, ये चटक रंग मशरूम में पाए जाने वाले एल्केलाइड्स विष के कारण होते हैं, जो इसमें कम या ज्यादा हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि खुखड़ी में अगर तीखी अमोनिया या सड़ी हुई गंध आ रही हो तो उसे न खाएं, ये जानलेवा हो सकती है। खुखड़ी में अगर कोई चिपचिपा पदार्थ निकल रहा हो या पानी की बूंद निकल रही हो, तो उसका उपयोग खाने में न करे, ये विषैले होते हैं। ▶▶शेष पेज 2 पर






## खबर संक्षेप

### कीर्ति व और शौर्य चक्र से वीर सपूत सम्मानित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में देश के वीर सपूतों को कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र से सम्मानित किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने



रक्षा अलंकरण समारोह के दौरान सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य/संघ शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को 10 कीर्ति चक्र (सात मरणोपरांत) और 26 शौर्य चक्र (सात मरणोपरांत) से सम्मानित किया।

### ब्रिटेन चुनाव : कीर पीएम निर्वाचित, सुनक हारे

**लंदन।** ब्रिटेन के चुनाव में लेबर पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की है। कंजरवेटिव पार्टी के 14 साल के शासन को ध्वस्त किया। लेबर



पार्टी के कीर स्टार्मर अब ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बनेंगे। रुझानों के सामने आने के बाद प्रधानमंत्री सुनक ने हार स्वीकार करते हुए कहा, मैं लेबर पार्टी उनकी जीत पर बधाई देता हूं। यह जनता का सोचा-समझा फैसला मुझे स्वीकार है।

### बीएसपी के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष की हत्या

**चेन्नई।** बहुजन समाज पार्टी के तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष 47 वर्षीय आर्मस्ट्रांग की पेरम्बूर इलाके में हत्या कर दी गई। वे अपने



नवनिर्मित घर के पास शाम को अपने दोस्त से बात कर रहे थे इसी दौरान तीन बाइकों पर बदमाश आए और धारदार हथियारों से आर्मस्ट्रांग पर हमला कर दिया। आर्मस्ट्रांग को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### संजय सिंह आप के संसदीय दल के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को पार्टी के संसदीय दल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



इसके साथ ही उन्हें राज्यसभा में पार्टी का नेता भी चुना गया है। सिंह ने 'एक्स' पर कहा दिल्ली के मुख्यमंत्री आदरणीय अरविंद केजरीवाल ने हमेशा (मुझे) सड़क से सदन तक आवाज़ बुलंद करने का अवसर दिया।

## पीड़ितों को दिया मदद का आश्वासन, संसद में भी उठाएंगे इस मुद्दे को

# हाथरस पीड़ितों से मिलकर बोले राहुल- दिल खोलकर मुआवजा दे सरकार, राजनीति नहीं होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अलीगढ़ पहुंचे और यहां उन्होंने हाथरस में भगदड़ के दौरान जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान पत्रकारों से राहुल ने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से विनती करता हूं कि दिल खोलकर मुआवजा दें। मुआवजा जल्दी से जल्दी देना चाहिए क्योंकि पीड़ितों को जरूरत है। देरी से फायदा नहीं। राहुल ने कहा मैं इस पर राजनीति नहीं करना चाहता, लेकिन प्रशासन की कमी है और गलतियां हुई हैं। मुआवज़ा सही मिलना चाहिए। राहुल ने इस मामले को संसद में उठाने का भी आश्वासन पीड़ितों को दिया।

अपने दौरे के दौरान राहुल गांधी पिलखना गांव में मंजू देवी के घर पहुंचे। राहुल से मिलते ही परिवार के लोग रोने-बिलखने लगे। राहुल ने उनको ढांढस बंधाया। मंजू देवी और उनके 6 साल के बेटे की भगदड़ में मौत हुई है। राहुल ने उनके परिवार को सांत्वना दी और मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद वे हाथरस पहुंचे जहां उन्होंने ग्रीन पार्क में पीड़ितों से मुलाकात की।

### जांच कमेटी बनी जिम्मेदारों की हो रही गिरफ्तारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना की जांच के लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में टीम बनाई है। तीन सदस्यीय टीम इस संभावना की भी जांच कर रहा है कि भगदड़ के पीछे कोई साजिश थी। पैनल दो महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। पुलिस ने आयोजन समिति से जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की आंतरिक जांच रिपोर्ट में प्रबंधन और सुरक्षा प्रोटोकॉल में गंभीर खामियों को पता चला है।



### हादसे में गई है 123 लोगों की जान

मंगलवार को हाथरस के सिकंदराराऊ में भोले बाबा के सत्संग के समापन पर बाहर निकलते समय भगदड़ मच गई। श्रद्धालु बाबा के काफिले के पीछे उनके चरणों की धूल लेने के लिए दौड़े। इस दौरान आयोजकों की लापरवाही से भगदड़ मची और कुचलने से 123 लोगों की मौत हुई।

### विनती करता हूं कि दिल खोलकर मुआवजा दे सरकार

भगदड़ पीड़ितों के परिवारों से मिलने के बाद राहुल गांधी ने हाथरस में पत्रकारों से कहा, दुख की बात है। बहुत परिवारों को नुकसान हुआ है। काफी लोगों की मृत्यु हुई है। मैं इस पर राजनीति नहीं करना चाहता, लेकिन प्रशासन की कमी तो है और गलतियां हुई हैं। मुआवज़ा सही मिलना चाहिए। मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से विनती करता हूं कि दिल खोलकर मुआवजा दें। मुआवजा जल्दी से जल्दी देना चाहिए। उन्हें जरूरत है। देरी से फायदा नहीं।

### राहुल बोले- संसद में इस मामले को उठाऊंगा

राहुल गांधी ने अलीगढ़ में पीड़ितों को आश्वासन दिया है कि वह संसद में इस मामले को उठाएंगे और उन्हें न्याय दिलाने की कोशिश करेंगे। अलीगढ़ में एक पीड़ित परिवार की सदस्य ने बताया कि राहुल गांधी ने हमें मदद का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि पार्टी के माध्यम से हमारी पूरी मदद की जाएगी।

### 1 लाख के ईनामी मधुकर ने किया सरेंडर

हाथरस कांड का मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मधुकर पर एक लाख रुपये का इनाम रखा गया था। बताया गया कि दिल्ली के नजफगढ़ - उत्तम नगर के बीच के एक अस्पताल में यूपी की हाथरस पुलिस पहुंची थी, देव प्रकाश ने उनके सामने सरेंडर किया।

### भोले बाबा से भी होगी पूछताछ : आईजी

आईजी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो भोले बाबा से पूछताछ की जाएगी। बाबा का रोल सामने आया, तो उसके खिलाफ करवाई की जाएगी। हालांकि एफआईआर में भोले बाबा का नाम नहीं है लेकिन भोले बाबा के अपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। उनके फॉलोअर्स हर शहर में हैं।

## एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# अपराधी पैदा नहीं होते बनाए जाते हैं, हर संत का होता है अतीत और भविष्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि अपराधी पैदा नहीं होते बल्कि बनाए जाते हैं, क्योंकि उसने अपराधी को अपराध करने के लिए प्रेरित करने वाले विभिन्न कारकों को स्वीकार किया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और उज्ज्वल भुयान की पीठ ने कहा, वास्तव में, हर संत का एक अतीत होता है और हर पापी का एक भविष्य होता है। यह टिप्पणी कोर्ट ने तब की, जब वह एक ऐसे आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसका ▶▶शेष पेज 2 पर

### अपराध करने के होते हैं कई कारक

शीर्ष अदालत ने 3 जुलाई के अपने आदेश में कहा, वास्तव में, हर संत का एक अतीत होता है और हर पापी का एक भविष्य होता है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, जब कोई अपराध किया जाता है, तो अपराधी को अपराध करने के लिए कई तरह के कारक जिम्मेदार होते हैं। उन्होंने कहा कि वे कारक सामाजिक और आर्थिक हो सकते हैं, मूल्य ह्रास या माता-पिता की उपेक्षा का परिणाम सहित कई हो सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने शर्त पर दी आरोपी को जमानत

बेंच ने आरोपी को मुंबई शहर नहीं छोड़ने और हर 15 दिन में एनआईए ऑफिस या फिर पुलिस स्टेशन में उपस्थिति दर्ज कराने की शर्त पर जमानत दी। इसी मामले में आरोपी के दो साथी पहले से जमानत पर बाहर हैं। अपने फैसले में कहा कि एजेंसी उसकी जमानत याचिका इस आधार पर विरोध नहीं कर सकती कि अपराध गंभीर है।

## केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट

# नीट की परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं, रीएग्जाम का इरादा नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि विवादों से घिरी नीट-यूजी, 2024 परीक्षा को रद्द करना तर्कसंगत कदम नहीं होगा और इससे उन लाखों ईमानदार छात्रों के भविष्य के लिए "गंभीर खतरा" पैदा होगा जो परीक्षा में शामिल हुए थे। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 उम्मीदवारों, कोचिंग संस्थानों और अभिभावकों द्वारा दायर विभिन्न याचिकाओं के जवाब में दायर अपने हलफनामे में, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने सीबीआई को कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच करने को कहा है।

### ईमानदार प्रतिस्पर्धी का नुकसान

हलफनामा में कहा गया है कि किसी भी परीक्षा में, प्रतिस्पर्धी अधिकार होते हैं ताकि ऐसे छात्रों के हितों को नुकसान नहीं हो जो परीक्षा में कोई अनुचित तरीका नहीं अपनाते हैं। इसमें कहा गया है, /"परीक्षा को पूरी तरह से रद्द करने से 2024 में परीक्षा देने वाले लाखों ईमानदार उम्मीदवारों को गंभीर नुकसान होगा।

### अगली सुनवाई 8 जुलाई को

उच्चतम न्यायालय आठ जुलाई को संबंधित विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जिनमें पांच मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाएं और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने की मांग वाली याचिकाएं शामिल है।

### नीट पीजी परीक्षा 11 अगस्त को दो पालियों में

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली नीट पीजी परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। एजेंसी ने परीक्षा की तिथि 11 अगस्त तय की है। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। ज्ञात हो कि 23 जून को होने वाली नीट पीजी परीक्षा को यूजी परीक्षा के लिए लीक हुए पेपर सहित कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद के बीच शुरू होने से कुछ घंटे पहले स्थगित कर दिया गया था।

## दुनिया की पहली सीएनजी बाइक बजाज ने की लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बजाज ने शुक्रवार को दुनिया की पहली सीएनजी मोटरसाइकिल को लांच कर दिया है। कंपनी ने इसे फ्रीडम 125 सीएनजी नाम दिया है। इस मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे। ये देश के साथ दुनिया की सबसे ज्यादा माइलेज देने वाली मोटरसाइकिल भी है। कंपनी का दावा है कि ये 1 किलो सीएनजी में 115 किमी तक दौड़ेगी। इस मोटरसाइकिल की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 95,000 रुपए है।



# कोलवाशरी के मालिकाना हक को लेकर दो गुटों में चली गोली, आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

हिमगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्जनबहाल में स्थित कोलवाशरी में मालिकाना हक, साझेदारी व कोयला परिवहन को लेकर दो गुटों में गुरूवार की शाम को जमकर विवाद हो गया। यह विवाद मारपीट व गोलीबारी तक जा पहुंचा। बताया जा रहा है कि इस घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। वहीं करीब ▶▶शेष पेज 2 पर



### छिपे हुए आरोपियों की तलाश शुरू

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस वारदात के बाद कई आरोपी अंधेरे का फायदा उठाते हुए वहां से भागने में कामयाब हो गए। बताया जा रहा है कि इस घटना में पुलिस ने दो ▶▶शेष पेज 2 पर

### मौके पर पहुंचे सुंदरगढ़ एसपी

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम करीब 5 से 6 बजे जब यह घटना हुई तो वहां भगदड़ मच गई। वहां कार्यरत कर्मचारी व मजदूर गोली चलने की आवाज सुनने के बाद अपनी जान ▶▶शेष पेज 2 पर

### गोली चलने की बात पर पुलिस का इनकार

हिमगीर पुलिस थाने में रिपोर्टकर्ता ने घटनास्थल पर पिस्तौल से गोली चलने की बात कही है, वहीं इससे कुछ लोग घायल होना भी बताया है। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने गोली चलने की बात से इनकार कर रही हैं। जांचकर्ता अधिकारी प्रशांत कुमार साहों की माने तो घटना स्थल पर मेटल डिटेक्टर से भी जांच की गई, किंतु बुलेट के शैल नहीं मिले। हालांकि पुलिस जांच करने की बात भी कह रही है।

## दुर्ग-बालोद जिले के विद्यार्थी सबसे ज्यादा प्रभावित

# हेमचंद विवि के रिजल्ट में भारी गड़बड़ी, 7380 के जीरो नंबर, 2 से ज्यादा विषयों में 24 हजार फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

खास खबर

दुर्ग हेमचंद यूनिवर्सिटी में स्नातक स्तर की परीक्षा परिणाम को लेकर भारी गड़बड़ी सामने आ रही है। परीक्षा देने के बाद भी 7380 विद्यार्थियों को शून्य अंक दे दिया गया है। कई विद्यार्थियों को एक व दो नंबर के लिए फेल कर दिया गया है। दुर्ग और बालोद जिले के सबसे ज्यादा विद्यार्थी प्रभावित हैं। इन विद्यार्थियों से रि-वेल के फार्म भरवाए गए हैं लेकिन नियम केवल दो ▶▶शेष पेज 2 पर

### लापरवाही से विद्यार्थियों का एक साल खराब होने की नौबत



### पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना करवा रहे

हमने प्रभावित विद्यार्थियों से कहा है कि वे पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना के लिए फार्म भर दें। उत्तरपुस्तिकाओं की जांच चल रही है। जो विद्यार्थी जीरो अंक पाए हैं उनके ज्यादातर ऐसे होते हैं जो प्रश्न के गलत आंसर लिख आते हैं। कोई परीक्षा में बैठा है और अनुपस्थिति दर्शा दी गई है तो उसकी भी हम चेकिंग करवा रहे हैं।
**- राजमणि पटेल,** उपकुल सचिव परीक्षा दुर्ग यूनिवर्सिटी

### केवल 16194 विद्यार्थी ही उत्तीर्ण

दुर्ग हेमचंद यूनिवर्सिटी में वर्ष 2023-24 में कुल 40872 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें केवल 16194 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। यानी करीब 40 प्रतिशत विद्यार्थी ही पास हुए हैं। जिसमें से 16194 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। खास बात यह है कि इसमें से 5161 विद्यार्थी ग्रेस से उत्तीर्ण हुए हैं। इतनी ज्यादा संख्या में विद्यार्थियों के फेल होने से न केवल पालकों बल्कि विद्यार्थियों में भी आक्रोश है।

## जैकेट के शेष

### नक्सलवाद छोड़ा, 26 ने ....
बच्चों को निजी व शासकीय स्कूलों में पढ़ा रहे है तथा उनकी तमन्ना अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने की है, जिसके लिए आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में भी अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

**बेटी को बनाना चाहते हैं डॉक्टर :** नक्सल जोड़ा श्यामलाल व सामबती ने वर्ष 2011 में जंगल में रहते हुए विवाह किया और 2014 में दोनों ने समर्पण कर दिया। समर्पण के बाद उनको दो बेटी और एक बेटे है, जिन्हें वे अच्छी तालीम देने प्रयासरत हैं। श्यामलाल व सामबती अपने बड़ी बेटी सख्री को डॉक्टर बनाना चाहते हैं, जिससे वह देश व बस्तर के लोगों की सेवा कर सके।

**खौफ में जीते थे जंगल की जिंदगी, अब जी रहे हैं अपनी जिंदगी :** एक अन्य समर्पित नक्सली सोनू व पत्नी गोधी का कहना है कि जंगल की जिंदगी नर्क से कम नहीं थी, हर समय खौफ के साए में जीना पड़ता था। दोनों ने सन 2008 में शादी की, जिसके बाद उनका नसबंदी करा दी गई। एरिया कमेटी मेंबर के पद पर कार्यरत रहते हुए दोनों ने वर्ष 2013 में समर्पण कर दिया। वर्तमान में दोनों का एक बेटा है, जिसे वे निजी स्कूल में पढ़ा रहे हैं।

**नर्क की जिंदगी से मिली मुक्ति :** समर्पण करने वाले एक अन्य नक्सली सोनू उर्फ सोनसाय ने सामो कोरिम के साथ वर्ष 2010 में विवाह व नसबंदी की थी। इसके बाद वर्ष 2016 में समर्पण कर दिया। सोनू जहां सेक्शन कमांडर के पद पर था तो सामो प्लाटून मेंबर थी। दोनों का कहना है कि जंगल की जिंदगी नर्क से कम नहीं थी, जिससे उन्हें अब मुक्ति मिल चुकी है।

### 10 वर्ष में 26 ....
वह बेहतर परवरिश के साथ शिक्षित करने प्रयासरत है। इनमें सुभाष उर्फ धनीराम मंडावी, सोनू कोरसा, पाण्डु उर्फ जगत लेकाम, श्यामलाल, लच्छीन पोयाम, मिलाप उर्फ नीलाप, सोनू उर्फ सोनसाय, चमरू उर्फ रामसिंग सलाम, दिनेश कड़ती व जीतू सवलम उर्फ छिहर शामिल है।

### कोरबा में पिता ....
कुएं में उतरी। जब कुछ देर तक जहरु और सपीना कुएं से बाहर नहीं निकले तो उनके पड़ोस में रहने वाले दो ग्रामीण शिवचरण पिता इतवार पटेल 45 वर्ष, मनबोध पिता स्व. तीरथराम पटेल 57 वर्ष भी उन्हें बचाने के लिए कुएं में उतर गए। काफी देर तक जब उतरे दोनों ग्रामीण भी कुएं से बाहर नहीं निकले तो वहां मौजूद जहरु पटेल के परिजनों व अन्य ग्रामीणों ने इसकी सूचना कटघोरा पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कटघोरा के नगर निरीक्षक धरम नारायण तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस घटना की सूचना मिलने पर कलेक्टर अजीत वसंत, जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी भी पुलिस के अन्य अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान एसडीआरएफ की टीम को भी वहां बुला लिया गया था। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर कुएं में डूबे पिता पुत्री सहित दोनों ग्रामीणों का शव बाहर निकाला।

### एक ग्रामीण बचा ....
आखिर चारों गए कहां। परंतु कुछ नीचे उतरने के बाद सुनील पटेल को कुएं के अंदर सांस लेने में तकलीफ होने लगी। घबराहट महसूस होने पर वह सीधे कुएं से बाहर आ गया। सुनील पटेल के अनुसार कुएं से किसी जहरीली गैस का रिसाव हो रहा था जिसकी चपेट में आने की वजह से पिता पुत्री सहित चार ग्रामीणों की मौत हुई होगी।

### जांजगीर में कुआं में ....
उम्र 70 वर्ष शुक्रवार 5 जुलाई की सुबह अपने घर के आंगन में स्थित कुएं में गिरी लकड़ी को निकालने के लिए उतरा था। इसी दौरान जहरीली गैस के रिसाव होने के कारण उसका दम घुटने लगा। इसे देख रामचंद्र जायसवाल के पुत्र एवं परिवार के लोग चिल्लाने लगे। उनकी आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाला रमेश कुमार पटेल मदद के लिए पहुंचा। वह कुएं में उतरा और कुछ देर बाद उसका पता नहीं चला तो उसके बेटे राजेंद्र और जितेंद्र एक-एक करके नीचे उतर गए। उनकी आवाज नहीं मिलने पर उनका पड़ोसी टिकेश्वर चंद्रा मदद के लिए पहुंचा और वह भी कुएं में उतर गया और उसकी भी वहीं हालत हो गई।

### पिता के साथ ....
थे और दोनों पड़ोसी की जान बचाने पहुंचे। अपने पिता को बचाने के लिए कुआं में उतरे थे।

### नहीं छूटे थे मेंहदी ....
तो नियती ने मानों कहर ही बरपा दिया। टिकेश्वर की शादी माहभर पहले ही हुई थी। खास बात यह है कि उसकी नवब्याहता पत्नी का जन्मदिन शुक्रवार 5 जुलाई को था। शादी के बाद पहले जन्मदिन पर पति और ससुराल वाले खुशियां मनाते इससे पहले उसका सुहाग ही उजड़ गया। नवब्याहता के हाथों में मेंहदी के रंग भी नहीं छूटे थे और मांग की लाली चली गई। घटना के बाद तीनों परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### घरेलू हिंसा में ....
महिला थाने की टीआई को ट्रैप करने एसीबी के डीएसपी रैंक के अफसर पहुंचे थे। एसीबी के अफसरों के मुताबिक पीड़ित महिला ने चार माह पूर्व अपने पति के खिलाफ थाने में दहेज प्रताड़ना के साथ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने महिला और उसके पति की कई दौर की काउंसिलिंग कराई। काउंसिलिंग में दोनों पक्षों में सहमति नहीं बनने पर थाना प्रभारी ने महिला को एफआईआर दर्ज कराने के नाम पर कई दफा थाना बुलाकर घंटों बिठाकर रखने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की।

महिला के मुताबिक काउंसिलिंग में समझौता नहीं होने पर टीआई द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने की स्थिति में उसने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी भी मांगी थी, जिसका थाना प्रभारी ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया। महिला के अनुसार थाना प्रभारी उसे हर बार उलझाते हुए एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया प्रोसेस में होने की बात कह टालमटोल करती थी।

**काउंसिलर ने कहा टीआई से मिलने :** महिला के अनुसार वह कुछ दिन पूर्व काउंसिलिंग कराने वाली टीम में शामिल एक काउंसिलर से मिली। काउंसिलर ने महिला को टीआई से जाकर मिलने के लिए कहा। इस पर वह टीआई से पुनः मिलने थाना पहुंची। टीआई ने महिला से उसके पति के खिलाफ 498 ए के तहत अपराध दर्ज करने 50 हजार रुपए की मांग की। इस पर महिला ने इसकी लिखित शिकायत एसीबी में की।

**सुबह नौ बजे से जाल बिछाया :** महिला थाने की टीआई को ट्रैप करने एसीबी की टीम ने सुबह नौ बजे से जाल बिछाया था। पीड़ित महिला सुबह साढ़े नौ बजे के करीब टीआई से मिलने पहुंची। थाने में भीड़ होने की वजह से टीआई ने महिला को दोपहर आने के लिए कहा। दोपहर महिला 20 हजार रुपए लेकर पहुंची, तब टीआई ने महिला को 50 हजार रुपए से कम में एफआईआर दर्ज नहीं करने की बात कही। मोलभाव करने पर टीआई 35 हजार रुपए लेने राजी हुई। इस पर शाम के समय महिला पुनः थाने पहुंची और पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपए टीआई को दिया। इसी दौरान एसीबी की टीम ने थाने के अंदर दबिश देकर टीआई की जेब से रिश्वत की रकम बरामद कर कार्रवाई की।

### नायब तहसीलदार घूस ....
को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा है। एसीबी की टीम देर शाम तक कार्रवाई में जुटी हुई है।

इसमें कहा गया कि 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बयान में कहा गया, सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड स्तर अर्थात 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

# महंगे प्याज, टमाटर से शाकाहारी थाली की कीमत 10 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



शाकाहारी थाली की कीमत जून में औसतन 10 प्रतिशत तक बढ़ गई। प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी इसकी प्रमुख वजह रही। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रिपोर्ट 'रोटी राइस रेट' के अनुसार, ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है।

इसमें कहा गया कि शाकाहारी थाली की कीमत जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 29.4 रुपये प्रति थाली हो गई, जो जून 2023 में 26.7 रुपये थी। मई 2024 में यह 27.8 रुपये थी। शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर तथा आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल है।

## बेमौसम बारिश से पैदावार कम

रिपोर्ट में शाकाहारी थाली की कीमत में कुल वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 30 प्रतिशत, आलू में 59 प्रतिशत और प्याज में 46 प्रतिशत की वृद्धि को बताया गया है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, प्याज के मामले में रबी की फसल के रकबे में भारी गिरावट से आवक कम रही, जबकि मार्च में बेमौसम बारिश के कारण आलू की पैदावार कम हुई।

## ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत 14 फीसदी घटी

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की

# सोने की हॉलमार्किंग देश में एक समान लागू की जाए : बरड़िया

**रायपुर।** इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) कमेटी के प्रदेश प्रभारी तिलोकचंद बरड़िया ने सोने की तस्करी रोकने के लिए कस्टम ड्यूटी कम करने की मांग की है। उन्होंने बताया इब्जा के नेशनल सेक्रेटरी सुरेन्द्र मेहता ने बजट से पहले वित्त मंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि सोने पर कस्टम ड्यूटी अधिक होने से इस क्षेत्र में रोजगार सृजन पर भी असर पड़ा है। यदि सरकार बजट में ड्यूटी कम करने की दिशा में कदम उठाती है तो इससे बड़ी राहत मिलेगी।

Symbol of Trust
Since 1957

■ तस्करी रोकने कस्टम ड्यूटी हो कम

बरड़िया ने कहा, ज्वेलरी के लिए भी बैंकों से लोन मिल सकें और ईएमआई पर लोग ज्वेलरी खरीदी कर सकें। देशभर में हॉलमार्किंग एक समान लागू होना चाहिए और उसके नियमों में सरलीकरण होना चाहिए। क्योंकि नियमों की जटिलता के कारण आम ज्वेलर्स परेशान हैं। उनपर सरकार को ध्यान देना चाहिए। इब्जा के प्रदेश प्रभारी ने बताया कि इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज आईआईबीएक्स से ट्रांजेक्शन करने पर 0.5 फीसदी का अतिरिक्त बेनिफिट मिले। जिससे यह एक्सचेंज भी सुचारू रूप से चल सके और ज्वेलरी इंडस्ट्री को इसका फायदा मिल सके। देशभर में सिर्फ आईआईबीएक्स के जरिये सोना आयात करने की अनुमति मिलनी चाहिए। ज्वेलरी एक्सपोर्ट करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत सिर्फ आईआईटीबीएक्स के जरिए चैनल बनाना चाहिए, जिससे ज्वेलरी इंडस्ट्री को सभी जगह नहीं भटकना पड़े।

## सिंगल विंडो सिस्टम से काम हो

सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत कार्य हो जाए, जिससे हमारे देश के एक्सपोर्ट को बढ़ावा मिल सके और देश को विदेशी मुद्रा का लाभ सोवरेन गोल्ड बॉन्ड अंतर्गत किए गए निवेश पर कंज्यूमर को इनकम टैक्स में छूट प्रदान की जाए।

## बनारस मर्केंटाइल का केंद्रीय बैंक ने किया लाइसेंस रद्द

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बनारस मर्केंटाइल सहकारी बैंक, वाराणसी की बिगड़ती वित्तीय स्थिति के मद्देनजर उसका लाइसेंस रद्द कर दिया है। आरबीआई ने लाइसेंस रद्द करते हुए कहा, बैंक चार जुलाई, 2024 को कारोबारी समय के बाद बैंकिंग कारोबार करना बंद कर देगा।'





शॉर्ट सर्विस कमीशंड चिकित्सा अधिकारी
SHORT SERVICE COMMISSIONED MEDICAL OFFICER

भारतीय नागरिकों (स्त्री एवं पुरुष) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
साक्षात्कार अनुमानित अगस्त/ सितम्बर 2024 में दिल्ली में आयोजित किए जायेंगे।
रिक्तियां - 450 (338 पुरुष + 112 महिला)
योग्यता - एमबीबीएस

Applications are invited from Indian Citizens both male and female. Interview will be conducted at Delhi tentatively in the month of Aug/ Sep 2024.
Vacancy - 450 (338 for male + 112 for female)
Qualification - MBBS
Age Limit - Candidate must not have attained the age of 30 years if holding an MBBS degree (only those born on or after 02 Jan 1995 are eligible) and 35 years if holding a PG degree (only those born on or after 02 Jan 1990 are eligible) as on 31 Dec 2024 respectively.
For Eligibility Conditions, Application Format etc see Employment News / Rozgar Samachar issue of 16/23 Jul 2024 and the website www.amcsscentry.gov.in
Registration for online application will be opened from 16 Jul 2024 to 04 Aug 2024 on www.amcsscentry.gov.in

CBC/10601/11/0008/2425



## राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छत्तीसगढ़)

क्रमांक / रा.न्या.वि.प्र./राय. / निविदा/M- 2784 /2024 दिनांक 02/07/2024

// Tender //

राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.) के साइबर फोरेंसिक शाखा हेतु निम्नांकित उपकरण का क्रय किया जाना है, जिसके लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है:-

निविदा जारी करने की तिथि : दिनांक 05.07.2024
निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 24.07.2024 सायं 05:00 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 25.07.2024 दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 25.07.2024 सायं 04:00 बजे

| S. No. | उपकरण का नाम | तादात |
|---|---|---|
| 01 | Storage Media Forensic Tool | 01 |

विस्तृत विवरण कार्यालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला टिकरापारा, पुजारी पार्क के पास रायपुर (छ.ग.) पिन कोड-492001, दूरभाष (कार्यालय) 0771-3501122 कार्यालय के वेबसाईट www.fsl.cg.nic.in से आनलाईन आवेदन का विस्तृत जानकारी एवं निविदा फार्म प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है। निविदा फार्म संचालक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर के नाम किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट रू. 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) का बनवाकर प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है।

(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

हेतु-संचालक
राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला
रायपुर (छ.ग)

G-242500841/2



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho. no. 0771-2535780,90 Fax. 077172227395, Email-dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 917/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2024 रायपुर , दिनांक 05/07/2024

//प्रथम आम सूचना//

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम डूंडा प.ह.न. 118 में मेसर्स संजय बाजपेयी बिल्डर्स प्रा.लि. डायरेक्टर डॉ. सरिता बाजपेयी एवं अन्य कृष्णा काम्पलेक्स तृतीय तल रायपुर छ.ग द्वारा कपटपूर्ण तरीके से शासकीय भूमि को शामिल करते हुए, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, शारदा चौक, रायपुर से जारी विकास अनुज्ञा स्वीकृत कराकर भूखण्डों का विक्रय किये जाने का तथ्य शासन के संज्ञान में आने के पश्चात संचालक नगर तथा ग्राम निवेश छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा परीक्षण / विवेचना के आधार पर संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 16 एवं छत्तीसगढ़ भूमि विकास निगम 1984 के नियम 25 के तहत प्रतिसंहत (revoke ) किया गया है। प्रतिसंहत विकास अनुज्ञा का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | विकास अनुज्ञा क्रं. एवं दिनांक | भूमि खसरा क्र. | प्रतिसंहत किये जाने का पृष्ठांकन क्रं. एवं दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 36562/ 11.09.2019 | 524/1, 524/2, 524/3, 535, 536/1, का भाग 538/2 का भाग 538/1 का भाग 541/1 का भाग 541/4 का भाग 521/1, 521/2, 521/3, 521/4, 521/5 का भाग 520/1, 520/2, 520/3, 520/4, 519/2 का भाग 522/1 522/2, 522/3, 523 | पृ. क्र. 62 / TC/1682 (III) / नग्रानि / 2023 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 06.10.2023 |

आवास एवं पर्यावरण विभाग छ.ग. शासन के पत्र क्र एफ 3-7 / 2013 / 32 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 04.10.2023 के अनुसार मंत्री परिषद दिनांक 26.09.2023 में लिये गये निर्णय के परिपालन मे न्यू स्वागत विहार कालोनी को अनाधिकृत मानते हुये छत्तीसगढ नगर पालिक निगम तथा नगर पालिका (कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निबंधन तथा शर्ते) नियम 2013 के नियम 15 के तहत शहरी क्षेत्र में स्थित भूमि पर कालोनी के प्रबंधन का अधिकार आयुक्त (सक्षम प्राधिकारी), नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा ग्रहण करने का प्रस्ताव है।

उक्त कालोनी की उक्त भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्ति दिनांक 06.08.2024 से 08.08.2024 तक लिखित रूप में निर्धारित प्रारूप में सामुदायिक भवन, देवपुरी गुरूद्वारे के पास में दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें की "सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त कालोनी की उक्त भूमि का प्रबंधन उसके द्वारा अधिकार में क्यों न ले लिया जाए?" दावा आपत्ति हेतु निर्धारित प्रारूप जोन क्रमांक 10 नगर पालिक निगम, रायपुर के अमलीडीह स्थित कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में अथवा नगर पालिक निगम रायपुर की वेबसाइट https://nagarnigamraipur.nic.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

घरों से निकलने वाला सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रायपुर छ.ग



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho. no. 0771-2535780,90 Fax. 077172227395, Email-dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 3491/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2024 रायपुर , दिनांक 21/03/2024

//आम-सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स स्मार्ट होम्स पार्टनर (1) श्री उत्तम चंद चंद्राकर (2) श्री मूलचंद चंद्राकर (3) श्री जयंत चंद्राकर पता-टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) को ग्राम टाटीबंध प.ह.नं. 54, रा.नि.मं. रायपुर -1, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा क्र. 15004/1 रकबा 1.3458 में से 1.293 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय (भूखण्डीय) कालोनी में विकास कार्य प्रारम्भ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में निम्नानुसार बंधक रखे गये भूखण्ड, समाज के निम्न आय वर्गों हेतु आरक्षित भूखण्ड एवं EWS के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण आम लोगो की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है-

(अ) बंधक भूखण्डों का विवरण :-

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति बंधक भूखंड | रकबा कुल बंधक भूखंड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. C9 | 01 | 116.280 Sqm. | 116.280 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. C10 | 01 | 113.041 Sqm. | 113.041 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. C11 | 01 | 101.292 Sqm. | 101.292 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र. C28 & C29 | 02 | 115.200 Sqm. | 230.40 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र. C30,C33 | 02 | 134.400 Sqm. | 268.80 Sqm. |
| 6 | भूखण्ड क्र. C34 | 01 | 115.200 Sqm. | 115.200 Sqm. |
| | योग | 08 | | 945.01 Sqm. |

(ब) निम्न आय वर्गो (L.I.G.) के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण -

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति LIG भूखंड | रकबा कुल LIG भूखंड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. C-15 | 01 | 88.50 Sqm. | 88.50 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. C-16 TO C-19 | 04 | 87.68 Sqm. | 350.72 Sqm. |
| | योग | 05 | | 439.22 Sqm. |

(स) E.W.S. के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण -

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति EWS भूखंड | रकबा कुल EWS भूखंड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. E-01 TO E-03 | 03 | 35.014 Sqm. | 105.04 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. E-04 TO E-05 | 02 | 35.046 Sqm. | 70.09 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. E-06 TO E-07 | 02 | 35.029 Sqm. | 70.06 Sqm. |
| | योग | 07 | | 245.19 Sqm. |

उपरोक्तानुसार बंधक भूखण्डों को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं, इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक भूखण्डों को क्रय न किया जावें।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

नगर निवेशक
नगर पालिक निगम,
रायपुर






Applications are invited from unmarried men and women candidates (fulfilling the conditions of nationality as laid down by the Govt. of India) for becoming Permanent Commissioned Officers in Executive and Technical branches under 10+2 B Tech Cadet Entry Scheme after undergoing four year B Tech course at the prestigious Indian Naval Academy, Ezhimala.

Vacancies & Age - The age eligibility & vacancies for the course are as under:-

| Branch | Vacancy | Qualification | Gender | Age |
|---|---|---|---|---|
| Executive & Technical Branch* | 40 | Passed Senior Secondary Examination (10+2) or its equivalent examination from recognised Board with at least 70% aggregate marks in Physics, Chemistry and Mathematics (PCM) and at least 50% marks in English (either in Class X or Class XII) | Men and Women (maximum of 08 vacancies for women) | Born Between 02 Jul 2005 and 01 Jan 2008 (both dates inclusive). |

Date of Opening: 06 July 2024
Last Date: 20 July 2024

*Branch allocation viz. Executive & Technical ( Engineering & Electrical ) will be undertaken at INA

For eligibility criteria and details visit -www.joinindiannavy.gov.in and Employment News dated 29 Jun 24.

JOIN INDIAN NAVY

cbc 10701/13/0004/2425

*ब्रिटेन में किएर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी ने आम चुनाव में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को हराकर बड़ी जीत हासिल कर ली है। ब्रिटेन में लेबर पार्टी की वापसी 14 सालों बाद हुई है और इस बदलाव से ब्रिटेन सरकार की नीतियां भी बदलेंगी जिसका असर ब्रिटेन के अहम सहयोगी भारत पर भी पड़ने वाला है। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता बातचीत का एक अहम मुद्दा रहा है और यह मुद्दा ब्रिटेन की दोनों पार्टियों के एजेंडे में है। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री कंजर्वेटिव पार्टी नेता बोरिस जॉनसन ने पद पर रहते हुए भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए दिवाली 2022 की डेडलाइन तय की थी लेकिन यह संभव नहीं हो पाया. इसे लेकर लेबर पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान कंजर्वेटिव्स पर निशाना साधा था और यह दिखाने की कोशिश की थी कि उनकी पार्टी इसे लेकर कितनी तत्पर है।*

# कश्मीर सहित कई मसलों पर हिन्दुस्तान के लिए रखते हैं नर्म रूख

## स्टार्मर का ब्रिटिश पीएम बनना भारत के नजरिए से है महत्वपूर्ण

एजेंसी ▶▶| लंदन

पार्टी के शैडो फॉरेन सेक्रेटरी डेविड लैमी जो अब ब्रिटेन के नए विदेश मंत्री बन सकते हैं, उन्होंने इंडिया ग्लोबल फोरम में बोलते हुए कहा था, 'कई दिवाली आई और चली गई लेकिन मुक्त व्यापार समझौता नहीं हुआ यदि लेबर पार्टी चुनाव जीतती है तो 2024 के अंत तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। वहीं लेबर पार्टी भारत के साथ मिलकर नियम-आधारित व्यवस्था के आधार पर 'स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत' को बढ़ावा देने की योजना बना रही है। इसके अलावा साइबर सुरक्षा पर भारत के साथ सहयोग को लेकर भी पार्टी पूरी तरह काम करने को तैयार है।

### कश्मीर पर किया था भारत का समर्थन

सोशलिस्ट विचारधारा वाली लेबर पार्टी की विदेश नीति हमेशा से विचारधारा पर आधारित रही है। पार्टी मानवाधिकार रिकॉर्ड के लिए भारत सहित कई देशों की आलोचना करती रही है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के एक महीने बाद सितंबर में लेबर पार्टी ने जेरेमी कॉर्बिन के नेतृत्व में एक आपात प्रस्ताव पास किया था जिसमें मांग की गई थी कि अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को कश्मीर में जाने की अनुमति दी जाए और इसके लोगों को आत्मनिर्णय का अधिकार दिया जाना चाहिए। भारत ने इस प्रस्ताव का सख्ती से विरोध किया था। विरोध बढ़ता देख लेबर पार्टी के नेता स्टार्मर ने मोर्चा संभालते हुए कहा था कि कश्मीर भारत का घरेलू मामला है और इसे दोनों पड़ोसी मिलकर सुलझाएंगे।




### खालिस्तान समर्थक मंत्री पर की थी कार्रवाई

भारत ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक लोगों और उनके भारत विरोधी कृत्यों पर विरोध जताता रहा है। लेबर पार्टी के अंदर भी कुछ नेता ऐसे रहे हैं जो खालिस्तान समर्थक माने जाते हैं। भारत इसे अपनी एकता और संप्रभुता के लिए खतरा मानता है। लेबर पार्टी ने खालिस्तान मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा था कि पार्टी भारत विरोधी किसी भी भावना का समर्थन नहीं करती है। सिख लेबर काउंसिलर परबिंदर कौर ने खालिस्तान समर्थक पोस्ट शेयर किया था। लेबर पार्टी की एक और नेता प्रीत कौर गिल पर भी खालिस्तान समर्थक विचारों के कारण लेबर पार्टी में कार्रवाई की जा चुकी है। गिल पार्टी में शैडो मिनिस्टर थीं और स्टार्मर ने उन्हें पद से डिमोट कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### 1.27 लाख करोड़ रुपए का रक्षा उत्पादन

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** देश में 2023-24 के वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड रक्षा उत्पादन हुआ है। इस दौरान देश में 1.27 लाख करोड़ रुपये की कीमत के हथियार और रक्षा उपकरण बने हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि यह अब तक का एक वित्तीय वर्ष में सबसे ज्यादा रक्षा उत्पादन है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान के तहत यह एक मील का पत्थर है। राजनाथ सिंह ने कहा सरकार भारत को एक शीर्ष वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



### अगस्त में मोदी की सरकार गिर जाएगी : लालू यादव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने शुक्रवार को 28वां स्थापना दिवस मनाया है। इस दौरान पटना के पार्टी ऑफिस में पार्टी सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने पार्टी के प्रदर्शन पर संतोष जताया और कहा कि मुझे विश्वास है कि पार्टी और ऊंचे मुकाम पर पहुंचेगी। साथ ही लालू यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बहुत कमजोर है और अगस्त में मोदी की सरकार गिर जाएगी। वहीं, राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राजद के 28वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा, 'हमारी पार्टी सत्ता में रही, सत्ता से बाहर रही। समय अच्छा और बुरा रहा। हमने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। हमने अपना संघर्ष जारी रखा।



### संसद में राहुल ने उठाया था मुद्दा, सेना ने किया था भुगतान का दावा

# नहीं थम रहा है अग्निवीर की मौत के बाद मुआवजे का मामला, चल रहे आरोप-प्रत्यारोप

## शहीद के पिता ने कहा- हमें केंद्र या सेना से नहीं मिली कोई अनुग्रह राशि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अग्निवीर अजय सिंह की मौत के बाद मुआवजे को लेकर शुरू हुआ हंगामा थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां एक ओर विपक्ष दावा कर रही है कि परिवार को मुआवजे की राशि नहीं मिली है। जबकि केंद्र का कहना है कि पैसे दिए जा चुके हैं। इधर, अग्निवीर शहीद अजय सिंह के परिवार वालों ने केंद्र सरकार और भारतीय सेना पर आरोप लगाया है कि बेटे की मौत के छह महीने बाद भी उन्हें केंद्र या सेना से कोई अनुग्रह राशि नहीं मिली है। अजय सिंह के पिता चरणजीत सिंह काला जो एक मजदूर हैं, ने द इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा, "हमें बीमा कवर दावे से 98 लाख रुपये मिले हैं। इसमें सेना की ओर से 48 लाख रुपये का चेक शामिल है जो बीमा कवर है, अनुग्रह राशि नहीं। एक निजी बैंक से 50 लाख रुपये और मिले हैं, जो मेरे बेटे की बीमा पॉलिसी का दावा है। पंजाब सरकार ने हमें 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है। लेकिन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का यह दावा कि केंद्र ने हमें 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है, पूरी तरह से झूठ है। हमें अभी तक केंद्र या सेना से कोई अनुग्रह मुआवजा नहीं मिला है।"



### सरकार बैंक भुगतान को शामिल करके प्रचार कर रही : पूर्व रक्षाधिकारी

पूर्व रक्षा अधिकारी सुशांत सिंह का कहना है कि 50 लाख रुपये की बीमा राशि का भुगतान भारतीय स्टेट बैंक की तरफ किया जाता है, जो अपने सरकारी कर्मचारी खाताधारकों को व्यक्तिगत दुर्घटना कवर के रूप में देता है। उन्होंने कहा कि 48 लाख रुपये की बीमा राशि सरकार की तरफ से नहीं दी जाती है, क्योंकि सरकार की तरफ से कोई बीमा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस फंड जैसी ग्रुप इंश्योरेंस स्कीम के तहत दिया जाता है, जो पंजीकृत सोसायटी हैं और सरकारी संस्था नहीं है। वह कहते हैं कि अग्निवीर की मौत पर सरकार ने बैंक भुगतान को शामिल करके बहुत ज़्यादा प्रचार कर रही है। सीधी सी बात यह है कि मरने वाले अग्निवीर के परिवार को एक सामान्य सैनिक के समान ही लाभ मिलने चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।



### 98.39 लाख सहायता राशि का किया गया भुगतान!

इधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फिर कहा कि शहीद अजय के परिवार को सिर्फ बीमा कंपनी ने ही पैसे दिए हैं। सरकार की तरफ से जो मदद परिवार को मिलनी चाहिए थी वो नहीं मिली है। गौरतलब है बीते दिनों संसद सत्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद में शहीद अजय के परिजनों को सहायता राशि नहीं मिलने का दावा किया था। इसके बाद सेना ने कहा था कि 98.39 लाख का भुगतान किया जा चुका है।

### पूर्व नौसेना प्रमुख सहित सेनाओं के कई अफसरों ने कहा- अग्निवीर ठीक नहीं

पूर्व एडमिरल केबी सिंह अग्निवीर को गलत बताया है। उन्होंने कहा, अग्निवीर को चलाने के पीछे एकमात्र कारण पेंशन लोड को कम करना है। तथ्य यह है कि यह योजना युद्ध की प्रभावशीलता को कम कर देगी, यह उन सभी को पता है जो राष्ट्रीय सुरक्षा को समझते हैं। पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश ने भी इसी आशय की बात कही है। उनके पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए सैन्यकर्मी सचिन पवार ने कहा, "कुछ भी नहीं बदलेगा सर, जब तक कि तीनों प्रमुख आगे नहीं बढ़ेंगे और अग्निवीर में बदलाव की मांग नहीं करेंगे, जो सेनाओं को इससे निपटने में मदद कर सकता है। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि यह योजना सशस्त्र बलों के लिए हानिकारक है। मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) कुलदीप सिंधु ने अपने पोस्ट में दो प्रतिष्ठित अमेरिकी सीनेटरों के भाषण का हवाला देते हुए सैनिको को सम्मानजनक जीवन देने की मांग की।



### सुप्रीम कोर्ट में फिर से रिव्यू पिटीशन पर होगी सुनवाई

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई को समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने वाले फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। इसमें जस्टिस संजीव खन्ना, हिमा कोहली, बीवी नागरत्ना और पीएस नरसिम्हा शामिल होंगे। पिछले साल नवंबर महीने में याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच के फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटिशन दाखिल की थी। याचिकाकर्ताओं के वकील मुकुल रोहतगी ने सीजेआई की बेंच के सामने इस मुद्दे को उठाया था। रोहतगी ने इस बात पर जोर दिया कि समीक्षा याचिका को खारिज नहीं किया जाना चाहिए। डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि अभी तक इस मामले पर गौर नहीं किया है।



## 'सरोगेट महिलाओं को भी मैटरनिटी लीव का हक'

**भुवनेश्वर।** ओडिशा हाईकोर्ट ने हाल ही में यह व्यवस्था दी है कि किराये की कोख के जरिये मां बनने वाली महिला कर्मचारियों को भी वैसे ही मैटरनिटी लीव और दूसरे लाभ पाने का अधिकार है जो प्राकृतिक रूप से बच्चे को जन्म देने वाली या बच्चा गोद लेकर मां बनने वाली महिलाओं को हासिल है। ओडिशा हाईकोर्ट के जस्टिस एसके पाणिग्रही की एकल पीठ ने 25 जून को ओडिशा फाइनेंस सर्विस (ओएफएस) की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की तरफ से साल 2020 में दायर याचिका पर सुनवाई करते फैसला सुनाया है।

# बिहार में 15 इंजीनियर सस्पेंड, 17 दिन में 12 पुल गिरने पर एक्शन

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में 17 दिन के भीतर एक के बाद एक 12 पुल गिरने के बाद सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। लगातार पुल गिरने की घटना सामने आने के बाद 15 इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया गया है।

नीतीश कुमार की अगुवाई वाली राज्य सरकार ने नए पुलों के पुनर्निर्माण का भी आदेश दिया है।



राज्य जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नौ पुलों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है। इनमें से छह बहुत पुराने हैं। तीन अन्य निर्माणाधीन हैं। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि इंजीनियर और ठेकेदार इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उड़नदस्ता टीम ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इंजीनियर इसे लेकर न तो सावधान थे और न ही निगरानी कर रहे थे। इस मामले में विभिन्न पदों के 15 इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने कहा कि नए पुलों का निर्माण किया जाएगा।

### 3 गुना बढ़ी रेलवे में लोको पायलट की वैकेंसी

**नई दिल्ली।** रेलवे भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा फरवरी 2024 में निकाली गई असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती की रिक्तियां बढ़ा दी हैं। आरआरबी ने नोटिस जारी कर इसकी जानकारी दी है। पहले लोको पायलट की कुल 5696 रिक्तियों को भरा जाना था, अब इन्हें बढ़ाकर 18799 कर दिया गया है।

## पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात में उठेंगे क्षेत्रीय-वैश्विक हितों के मामले: क्वात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- प्रधानमंत्री की यात्रा से पहले भारतीय सेना को मिली 35 हजार एके-203 असॉल्ट राइफलें

अगले सप्ताह 8 से 9 जुलाई तक होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा के दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हितों से जुड़े मामलों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी प्रधानमंत्री मोदी की मास्को रवानगी से पहले शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के नेताओं की मुलाकात में हमेशा से ही क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों को उठाया जाता है। हालांकि अभी उन सभी विषयों को लेकर अनुमान लगाना ठीक नहीं होगा। लेकिन क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दे दोनों के बीच होने वाली बातचीत का एक महत्वपूर्ण तत्व होंगे। रूस में आयोजित किए जाने वाले 22 वें वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए पीएम यह यात्रा करेंगे।

## बजट सत्र से पहले हो जाएगा संसद में सीटिंग अरेंजमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

### अवधेश प्रसाद के बहाने विपक्षी 'खेल' शुरू

उत्तरप्रदेश विधानसभा में लगातार नौ बार चुनकर पहुंचे विधायक अवधेश प्रसाद इसबार फैजाबाद से जीतकर लोकसभा पहुंचे तो उनको भी उम्मीद नहीं होगी कि उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने साथ पहली पंक्ति में बिठायेंगे। उन्हें ये भी उम्मीद नहीं होगी कि उनके नाम की प्रस्तावना लोकसभा के उपसभापति के पद लिए भी कोई दल कर सकता है। दलित नेता अवधेश प्रसाद फैजाबाद जैसी सामान्य सीट सीट से जीतकर लोकसभा पहुंचे। वो फैजाबाद जिसके अंतर्गत अयोध्या विस सीट भी शामिल है। विपक्षी दल अवधेश प्रसाद को तुरूप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 901 / लो.क.वि/न.पा.नि. / 2024 रायगढ़ दिनांक 4.7.24

।। द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत 6 सीटर आकांक्षीय टॉयलेट ब्लॉक निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''फ'' में दिनाँक 22.07.24 तक दरें आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण व जानकारी नगर पालिक निगम, रायगढ़ के वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com से अवलोकन कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

**अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग, कोनी, बिलासपुर (छ.ग.)
पिन- 495009, वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in,
ईमेल-आईडी- registrar@bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक/538/स्था.प्रशा./2024 बिलासपुर, दिनांक 05.07.2024

**शुद्धि-पत्र**

विज्ञापन क्रमांक/459/Estt.Admn/Rec./2024 बिलासपुर, दिनांक 14.06.2024 के द्वारा शिक्षकीय पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन में पदों की स्थिति, के संबंध में शुद्धि-पत्र क्रमांक 537 दिनांक 05.07. 2024 को जारी किया गया है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट ww.bilaspuruniversity.ac.in पर देखी जा सकती है।

S-40700/1 कुलसचिव

**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग**
**लघु फ़िल्म प्रतियोगिता - 2024**

मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण की वकालत करने वाली एनएचआरसी की 'लघु फिल्म प्रतियोगिता-2024' के लिए भारतीय नागरिकों से प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैं।

विस्तृत जानकारी के लिए एनएचआरसी की वेबसाइट **www.nhrc.nic.in** से आवेदन पत्र, नियम और शर्तें डाउनलोड करें और प्रविष्टि केवल **ईमेल पता: nhrcshortfilm@gmail.com** पर ऑनलाइन भेजें। **प्रविष्टियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2024 है।**

स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, कृपया उप निदेशक (मीडिया एवं संचार), एनएचआरसी को **उपरोक्त ईमेल पते पर भेजें।**

CBC-53101/12/0003/2425

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग - रायपुर (छ.ग.)**

**ऑनलाईन द्वितीयबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 410**

क्रमांक 1437/निविदा/ ग्रा. यां. सेवा / 2024 रायपुर, दिनांक 04/07/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र - 'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 15/07/2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि ( रू. लाख में ) |
|---|---|
| Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lacs) at Sub division- Arang & Dharsiwa Distt.- Raipur (C.G.) | 35.00 (Each Sub Division) |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 05/07/2024 से देखी जा सकती है।

टीप :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 18/07/2024 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है ।

G-242500881/2

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग)
Pho. no. 0771-2535780,90, Fax. 077172227395,
E-mail-dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक. 918/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि/2024 रायपुर दिनांक 05/07/2024

**प्रथम आम सूचना**

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम डूंडा प.ह.न. 118 में मेसर्स संजय बाजपेयी बिल्डर्स प्रा.लि. डायरेक्टर डॉ. सरिता बाजपेयी एवं अन्य कृष्णा काम्पलेक्स तृतीय तल रायपुर छ.ग द्वारा कपटपूर्ण तरीके से शासकीय भूमि को शामिल करते हुए, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, शारदा चौक, रायपुर से जारी विकास अनुज्ञा स्वीकृत कराकर भूखण्डों का विक्रय किये जाने का तथ्य शासन के संज्ञान में आने के पश्चात संचालक नगर तथा ग्राम निवेश छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा परीक्षण/ विवेचना के आधार पर संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 16 एवं छत्तीसगढ़ भूमि विकास निगम 1984 के नियम 25 के तहत प्रतिसंहत (revoke) किया गया है। प्रतिसंहत विकास अनुज्ञा का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रं. | विकास अनुज्ञा क्रं. एवं दिनांक | भूमि खसरा क्र. | प्रतिसंहत किये जाने का पृष्ठांकन क्रं. एवं दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 36356/ 11.09.2019 | 561/2560/1 का भाग 560/2, 560/3,560/4, 560/5 का भाग 564/1, 564/2, 564/5, 564/6, 564/8, 572/2 का भाग 571 का भाग 569/1 का भाग 569/2 का भाग 564/3, 561/3, 561/4, 561/5, 561/6, 552/2, 562/1, (563/2) 551/2, 547 का भाग 541/4, का भाग 521/1, 521/2, 521/3, 521/4, 521/5 का भाग 520/1,520/2, 520/3, का भाग 554 का माग 559/1, 559/2, 559/4 559/5. 559/6 का भाग 563/1. 563/3, 562/2,563/2, 550/1 का भाग 651/1, 565/1 का भाग 565/2. का भाग 546/2 का भाग 508/3, 508/4 का भाग 508/2 का भाग 499/2 का भाग 500/2 498/1, 498/2 का भाग 497/3 का भाग 500/3 का भाग 500/6, 496/5, 496/9 का भाग, 553 | पृ क्र. 66/TC/1682 (III)/नग्रानि /2023 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 06.10.2023 |

आवास एवं पर्यावरण विभाग छ.ग. शासन के पत्र क्र एफ 3-7/2013/32 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 04.10.2023 के अनुसार मंत्री परिषद दिनांक 26.09.2023 में लिये गये निर्णय के परिपालन में न्यू स्वागत विहार कालोनी को अनाधिकृत मानते हुये छत्तीसगढ, नगर पालिक निगम तथा नगर पालिका (कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निबंधन तथा शर्तें) नियम 2013 के नियम 15 के तहत शहरी क्षेत्र में स्थित भूमि पर कालोनी के प्रबंधन का अधिकार आयुक्त (सक्षम प्राधिकारी), नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा ग्रहण करने का प्रस्ताव है।

उक्त कालोनी की उक्त भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्ति दिनांक 06.08.2024 से 08.08.2024 तक लिखित रूप में निर्धारित प्रारूप में सामुदायिक भवन, देवपुरी गुरुद्वारे के पास में दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें की "सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त कालोनी की उक्त भूमि का प्रबंधन उसके द्वारा अधिकार में क्यों न ले लिया जाए?" दावा आपत्ति हेतु निर्धारित प्रारूप जोन क्रमांक 10 नगर पालिक निगम, रायपुर के अमलीडीह स्थित कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में अथवा नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाइट https://nagarnigamraipur.nic.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग

**न्यायालय तहसीलदार मोहला, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक / 1306/स्था./2022 राजनांदगांव दिनांक 06.10.2022 के अनुसार नवगठित जिला मोहला मानपुर अं.चौकी में नगर सेना, अग्निशमन आपातकालीन सेवायें हेतु कार्यालय भवन एवं होमगार्ड लाईन हेतु ग्राम माड़िंग पिड़िंग धेनु प.ह.नं. 10 स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 279 रकबा 1.240 हे. भूमि को चिन्हांकित किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार मोहला के न्यायालय में दिनांक **15/07/2024** को कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकतें है। पश्चात दावा-आपत्ति पर कोई विचार / सुनवाई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित जारी किया गया ।

G-242500854/2 मुहर तहसीलदार मोहला

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.) Pho. no. 0771-2535780,90,
Fax. 077172227395, E-mail- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 3487/ भ.नि.अ.प्र./ न.पा.नि./2024 रायपुर दिनांक 21.03.2024

**// आम-सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवदेक मेसर्स ओम इस्पात (इंडिया) प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री रमेष कुमार अग्रवाल पिता श्री ताराचंद अग्रवाल, पता-वृंदावन, होली हार्ट्स स्कूल के पास, सिविल लाईन, रायपुर द्वारा ग्राम फुंडहर एवं लाभाण्डी प.ह.नं. 68, स्थित खसरा क्र. 15004/1,2,3,4 (40, 42/1, 42/2, 42/3, 43/1, 43/2, 43/3, 43/4, 43/5, 43/6, 43/7, 43/8, 43/9, 43/10, 43/11, 43/12, 41) रकबा 5.086 हेक्टेयर, एवं ख. क्र. 374/20, 21, 374/4 (375/4) कुल रकबा 1.932 हेक्टेयर एवं नवीन खसरा क्र. 374/5 रकबा 1.497 हेक्टेयर एवं खसरा क्र. 374/4 रकबा 0.2540 हेक्टेयर कुल रकबा 1.7510 हेक्टेयर सकल रकबा 8.567 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय (भूखण्डीय) कालोनी में विकास कार्य प्रारम्भ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति (संशोधित) जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में निम्नानुसार बंधक रखे गये भूखण्डों एवं समाज के निम्न आय वर्गो हेतु आरक्षित भूखण्डों का विवरण आम लोगो की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है-

**(अ) बंधक भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्र. | संख्या | रकबा बंधक भूखण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. A-01 | 01 | 443.3 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. A-10 | 01 | 583.61 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. A-11 | 01 | 455.25 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र. E-05 | 01 | 307.62 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र. D-17 | 01 | 635.59 Sqm. |
| 6 | भूखण्ड क्र. F-10 | 01 | 520.00 Sqm. |
| 7 | भूखण्ड क्र. H-05 | 01 | 371.29 Sqm. |
| 8 | भूखण्ड क्र. I-04 | 01 | 325.73 Sqm. |
| 9 | भूखण्ड क्र. I-05 | 01 | 326.29 Sqm. |
| 10 | भूखण्ड क्र. J-4 | 01 | 325.73 Sqm. |
| 11 | भूखण्ड क्र. J-5 | 01 | 323.30 Sqm. |
| 12 | भूखण्ड क्र. J-6 | 01 | 464.38 Sqm. |
| 13 | भूखण्ड क्र. J-7 | 01 | 523.03 Sqm. |
| योग | | 13 | 5605.21 Sqm. |

**(ब) निम्न आय वर्गो (एल.आई.जी.) के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्र. | संख्या | रकबा प्रति LIG भूखण्ड | कुल LIG रकबा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. L1 | 01 | 90.00 Sqm. | 90.00 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. L2&L3 | 02 | 90.00 Sqm. | 180.00 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. L4 | 01 | 90.00 Sqm. | 90.00 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र. L5 | 01 | 90.00 Sqm. | 90.00 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र. L6&L7 | 02 | 90.00 Sqm. | 180.00 Sqm. |
| योग | | 07 | | 630.00 Sqm. |

उपरोक्तानुसार बंधक भूखण्डों को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं; इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक भूखण्डों को क्रय न किया जावें ।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

नगर निवेशक
नगर पालिक निगम, रायपुर


JHAIGO झाईगो Cream
चेहरे के दागों को कम कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं? HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। 94060-21769

# विराट-रोहित के बिना जिम्बाब्वे के खिलाफ युवा टीम करेगी नई शुरुआत

## पांच मैचों की टी20 श्रृंखला का पहला मैच आज शाम 4.30 बजे

एजेंसी ▶▶| हरारे

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नए दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले असम के रियान पराग इस श्रृंखला के जरिए पदार्पण करेंगे।

### रोहित-कोहली रिटायर

पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से बाहर रहे हैं। अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है।





### 2026 तक खेलना है 34 मैच

शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है। अब से 2026 टी20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 12 रन से हराया

*चेन्नई। दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने तजमिन ब्रिट्स (81 रन) और मारिजने काप (57 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 12 रन से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। ब्रिट्स ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि काप ने 33 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में भारतीय टीम जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53 रन) के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (18 रन) और स्मृति मंधाना (46 रन) ने पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी निभाई।*


बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI★ [illegible]

प्रति,
कोणार्क ऑफसेट प्रेस 2224/2225, कल्पना एरिया, [illegible], भुवनेश्वर, ओडिशा
श्रीमती अन्नपूर्णा अग्रवाल, मकान नं. 24, प्लॉट नंबर 1, नेहरूनगर, भिलाई, छ.ग.
श्री उत्तम कुमार साहू 107, HSCL कॉलोनी, पुराना दुर्ग [illegible], सिविक सेंटर, भिलाई, छ.ग.

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रवर्तन की धारा 13(2) के तहत नोटिस सुरक्षा हित अधिनियम 2002

1. आपके द्वारा किए गए अनुरोध पर, बैंक ने आपको कुल मिलाकर रु. 81,00,000.00 (इक्यासी लाख) की विभिन्न ऋण सुविधाएं प्रदान की हैं। हम यहां हमारे द्वारा दी गई विभिन्न क्रेडिट सुविधाओं और नोटिस की तारीख के अनुसार बकाया राशि का विवरण देते हैं –

| Nature of Facility | Sanctioned Limit Rs. | Outstanding dues Rs. |
|---|---|---|
| नकद ऋण | ₹ 75,00,000.00 | ₹ 87,46,881.01 + ब्याज 21.04.2024 और अन्य खर्च |
| टर्म लोन | ₹ 6,00,000.00 | ₹ 71,736.00 + ब्याज 30.04.2024 और अन्य खर्च |
| कुल | ₹ 81,00,000.00 | ₹ 88,18,617.01 + ब्याज और अन्य खर्च |

2. बैंक द्वारा दी गई उपरोक्त ऋण सुविधाएं निम्नलिखित परिसंपत्तियों/प्रतिभूतियों (बैंक को दी गई संपत्तियों/संपत्तियों का विवरण) द्वारा सुरक्षित हैं:–
1. मेसर्स कोणार्क ऑफसेट प्रेस, 2224/2225, कल्पना क्षेत्र, [illegible], भुवनेश्वर, ओडिशा में स्थित संपूर्ण [illegible] का दृष्टिबंधक।
2. मेसर्स कोणार्क ऑफसेट प्रेस, 2224/2225, कल्पना क्षेत्र, [illegible], भुवनेश्वर, ओडिशा में स्थित संपूर्ण संयंत्र और मशीनरी का दृष्टिबंधक।
3. चूंकि आपने उक्त क्रेडिट सुविधाओं के तहत बैंक को अपने बकाए के पुनर्भुगतान में चूक की है, इसलिए हमने आपके खाते को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों के अनुसार 31-03-2024 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया है।
4. ऊपर बताए गए कारणों के लिए, हमने आपको उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस दिया है और आपसे बैंक को स्पष्ट का भुगतान करके अपनी देनदारियों का पूरा भुगतान करने के लिए कहा है। ₹ 87,46,881.01 और उस पर 11.52% प्रति वर्ष की दर से ब्याज। 21.04.2024 से कैश क्रेडिट खाते में मासिक छूट के साथ, ₹ 71,736.00 और 10.70% प्रति वर्ष की दर से ब्याज। 30.04.2024 से इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर [illegible], लागत और अन्य खर्चों में मासिक छूट के साथ, ऐसा न होने पर कृपया ध्यान दें कि लागत और परिणामों के संबंध में हम पूरी तरह से आपके जोखिम पर होंगे और निहित शक्तियों का प्रयोग करेंगे। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 के तहत बैंक, ऊपर उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ।
5. [illegible]
6. [illegible]
7. [illegible]
8. [illegible]
9. अधोहस्ताक्षरी इस नोटिस को जारी करने और उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने के लिए बैंक का विधिवत अधिकृत अधिकारी है।
10. यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि यह नोटिस बैंक के पास उपलब्ध किसी भी अन्य उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना आपको संबोधित है।

स्थान: भिलाई, दिनांक : 06.07.2024 अधिकृत अधिकारी


### महाराष्ट्र टी20 विश्व कप विजेता टीम को देगा 11 करोड़ रुपए



एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। यह घोषणा यहां विधान भवन में की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया। शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप में टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य पारस म्हाम्ब्रे और अरुण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

# मेसी शूटऑउट में गोल से चूके, अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका के अंतिम-4 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| टेक्सास

गत चैंपियन अर्जेंटीना ने एक रोमांचक मुकाबले में इक्वाडोर को हराकर कोपा अमेरिका 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, टेक्सास के एनआरजी स्टेडियम में क्वार्टर फाइनल में लियोनेल मेसी की पेनल्टी तब बुरी तरह से गलत साबित हुई जब मैच शूटआउट तक पहुंच गया, जिसके बाद खेल 1-1 से बराबरी पर आ गया। अर्जेंटीना ने शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की। अर्जेंटीना की ओर से पहला पेनल्टी शूट मेसी ने किया और अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाने का लक्ष्य बनाया। मौजूदा टूर्नामेंट में चोटों से जूझ रहे अर्जेंटीना के कप्तान ने गेंद को नेट में डालने का साहसिक प्रयास किया। हालांकि, मेसी का प्रयास विफल हो गया क्योंकि उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से टकराकर इक्वाडोर के गोलकीपर के पास चला गया। अंत में, मेसी की चूक का असर उनकी टीम पर नहीं पड़ा क्योंकि गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने गोल बचा लिया। मार्टिनेज ने मेना के इक्वाडोर के पहले पेनल्टी प्रयास को बचाया और एलन मिंडा के गोल को भी रोका जिससे अर्जेंटीना ने बढ़त बनाई और शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।



### मेसी ने दागा पहला गोल

रेगुलेशन टाइम की बात करें तो मेसी ने मुकाबले का पहला गोल किया, जिसके बाद लिसेंड्रो मार्टिनेज ने फिनिशिंग टच दिया। हालांकि, इक्वाडोर ने वापसी की और दूसरे हाफ में जोशपूर्ण संघर्ष दिखाया, जिसके परिणामस्वरुप स्टॉपेज टाइम में केविन रोड्रिगेज ने गोल किया। इस साल के कोपा अमेरिका में कोई अतिरिक्त समय नहीं होने के कारण मैच शूटआउट में चला गया, जहां मार्टिनेज अर्जेंटीना के लिए हीरो रहे। अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना का सामना वेनेजुएला या कनाडा से होगा।

### कोच जीत से खुश नहीं

अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा, 'पेनल्टी में टीम को अपने गोलकीपर पर पूरा भरोसा होता है और यही सबसे बड़ी बात है।' 'लियो के चूकने के बाद और टीम के लिए इसका मतलब यह है कि हमारे गोलकीपर ने अच्छा प्रदर्शन किया। 'मुझे लगता है कि जब आप इस तरह से जीतते हैं तो यह आनंददायक नहीं होता। बेशक, हम खुश हैं, लेकिन मुझे इस जीत का आनंद नहीं आया।'





Raheja Nirwana -2
— Tranquility Within, Abundance Around —
@Kachna, Raipur
Premium Residential Plots
Rera No. : PCGRERA061023001683
Rera Website : www.rera.cgstate.gov.in

Our Experience & Achievements
- 800+ Flats
- 2500+ Developed Plots
- 500+ Shops & Offices
All Delivered on Time

rahejagroupraipur
rahejagroup

MEMBER OF CREDAI CHHATTISGARH

85160 03000

Marketing Strategy Partner
ASHTVINAYAKA REALTIES

# युवक के पीछे ही पड़ गया सांप, एक महीने में पांच बार डसा, डॉक्टर हैरान, परिवार भयभीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक युवक को एक महीने में पांच बार सांप ने डसा, लेकिन हर बार युवक इलाज के बाद बच गया। भले ही ये कहानी आपको पूरी फिल्मी लगे पर ये घटना उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में घटी है। इस घटना से डॉक्टर भी हैरान हैं। यहीं नहीं डर के चलते पीड़ित युवक अपने मौसी के घर चला गया और इसके बाद वहां भी उसे सांप ने डस लिया। युवक का इलाज करने वाले डॉक्टर भी हैरान हैं कि कैसे सांप काटने के बाद वो बार-बार ठीक हो जा रहा है। ये पूरा मामला फतेहपुर जिले के मलवा थाना क्षेत्र के सौरा गांव का है। यहां रहने वाले विकास दुबे (24) को एक से डेढ़ महीने के अंदर सांप ने पांच बार काट लिया, लेकिन हर बार वह इलाज के बाद ठीक हो गया। अभी भी उसका इलाज एक प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। क्योंकि, पिछले दिनों ही सांप ने उसे डसा था। इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए विकास दुबे ने बताया कि, दो जून की रात 9 बजे बिस्तर से उतरते हुए पहली बार सांप ने काटा था। जिसके बाद परिजन प्राइवेट नर्सिंग होम में ले गए। वहां दो दिन भर्ती रहा। इलाज के बाद ठीक होकर घर आ गया।'

### *मौसी के घर भी हुआ ये हाल*

*इस घटना से भयभीत युवक परिजनों और डॉक्टरों की सलाह पर राधा नगर थाना क्षेत्र के राधा नगर मोहल्ले में रहने वाली अपनी मौसी के यहां चला गया था। बताया जा रहा है कि यहां पर भी सांप ने युवक का पीछा नहीं छोड़ा और शनिवार की देर रात करीब 12.30 बजे उसे डस लिया था।*



### परिजनों को लगा सामान्य घटना

उन्होंने आगे बताया कि, 'जब पहली बार सांप ने काटा तो परिजनों को लगा कि यह सामान्य घटना है। मगर, 10 जून की रात फिर से सांप ने काट लिया। आनन-फानन परिजन मुझे लेकर अस्पताल भागे। गनीमत रही कि इस बार भी इलाज के बाद ठीक हो गया। हालांकि, सांप को लेकर डर बैठ गया था और सावधानी बरतने लगा था। लेकिन इसके सात दिन बाद (17 जून) घर में ही सांप ने एक बार फिर से काट लिया, जिससे हालत बिगड़ने लगी और परिजन दहशत में आ गए।

# अरुणाचल प्रदेश में मिला सींग वाला मेंढक, नाम स्थानीय जनजाति के नाम पर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में मेंढक की नई प्रजाति मिली है। इस मेंढक के सींग है। अरुणाचल प्रदेश के टेल वन्यजीव अभयारण्य (डब्ल्यूएलएस) के जंगलों में यह मेंढक पाया जाता है। इसे खोजा है भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) के



विज्ञानियों ने। इस मेंढक का नाम स्थानीय जनजाति अपतानी के नाम पर जेनोफ्रीस अपतानी रखा गया है। इसे खोजने वाली टीम के लीडर है बिक्रमजीत सिन्हा और भास्कर साइकिया। इनके साथ केपी दिनेश, ए. शबनम और इलोना जसिंथा खाकरोंगर है।

## *ऐसा तो फिल्मों में होता है न...! 66 हजार रुपए का उपहार, आने-जाने के लिए फ्लाइट टिकट*

*न्यूयार्क। क्या आपने हॉलीवुड की 'क्रेजी रिच एशियन' मूवी देखी है, अगर देखी होगी तो आपको याद होगा कि कैसे एक अमीर एशियन फैमली अपने लड़के की भव्य शादी पर बहुत ज्यादा पैसे खर्च करता है। हम सोचते हैं कि इसका वास्तविकता से कोई लेना देना नहीं है, लेकिन अभी ऐसा ही एक शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देख कर कहेंगे कहीं ये फिल्म तो नहीं है। शादी का एक वीडियो ट्रैवल इन्फ्लुएंसर डाना चांग ने शेयर किया है, जहां पर सभी गेस्ट की सभी खर्चे को फैमली के द्वारा पेड किया जा रहा था। इन्फ्लुएंसर ने वीडियो शेयर कर लिखा है, 'यह असल जिंदगी में क्रेजी रिच एशियन शादी जैसी दिखती है।' उसने बताया कि शादी के कपल ने सभी गेस्ट्स को जीवन में कभी न भूलने जाने वाला अनुभव दिया। कपल ने गेस्ट को अपने खर्चे पर चीन ले गए, वहां पर रुकने के लिए 5 स्टार होटल्स की व्यवस्था की। कपल ने शादी के तोहफों के अलावा प्रत्येक मेहमान को लाल जेब में लगभग 66 हजार रुपए दिए।*



## स्वर्ग से लाकर धरती पर लगाया गया था यह फूल, बेमौसम खिलने पर वैज्ञानिक हुए हैरान

**नई दिल्ली।** इन दिनों लखनऊ शहर के अलीगंज में स्थित सबसे प्राचीन हनुमान मंदिर चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पर मौजूद नौ साल पुराने पारिजात के पेड़ पर समय से पहले ही फूल आने लगे हैं। अमूमन पारिजात के पेड़ पर दिसंबर में फूल आने शुरू होते हैं लेकिन, इस मंदिर में जुलाई में ही फूल आने लगे हैं। अब लोगों के लिए किसी आश्चर्य जैसा हो गया है। मंदिर समिति के सचिव राजेश पांडे ने बताया कि बिना मौसम पारिजात के पेड़ पर फूलों के आने से वैज्ञानिक भी हैरान हैं। मंदिर समिति मान रही है कि इस पेड़ के पास में सरोवर है और जो भी भक्त आता है वो पारिजात के पौधे पर भी जल चढ़ाता है। अच्छा रख-रखाव होने की वजह से पारिजात के पेड़ पर फूल वक्त से पहले



आ गए हैं। कहा जाता है कि यह फूल समुद्र मंथन में निकला था।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com